

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 7 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 6 - मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 91, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ डॉलर का दबदबा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था

दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में दीपिका पादुकोण ने किया डांस ◀◀ 6







# केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी

## बदमाशों ने मैसेज कर मांगी 50 लाख फिरौती

● दिल्ली पुलिस जांच करने पहुंची रांची

मेट्रो रेज

**रांची :** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से 50 लाख की रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम शनिवार को रांची पहुंची । रांची पहुंचने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गयी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और डीसीपी ने संजय सेठ से दिल्ली में शुक्रवार को इस मामले में जानकारी ली. दिल्ली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस कांड का खुलासा किया जायेगा। वहीं संजय सेठ ने इस संबंध में झारखंड डीजीपी को भी जानकारी दी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। बदमाशों ने मैसेज कर उनसे 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी है। मामले में केंद्रीय मंत्री सेठ ने कहा कि मैंने पुलिस को इसकी जानकारी दे दी है। मैं लगातार लोगों से बातचीत कर रहा हूं। पीएम मोदी हमेशा हमें जनता की सेवा के लिए अथक काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुझे कल जबरन वसूली के बारे में संदेश मिला और मैंने झारखंड के डीजीपी को इस बारे में सूचित कर दिया है।



### क्या है मामला?

केंद्र की मोदी सरकार में रक्षा राज्य मंत्री और रांची लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय सेठ से जबरन वसूली और धमकी देने का मामला सामने आया है। दिल्ली में इससे जुड़ी एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। धमकी में सांसद को मोबाइल संदेश के जरिए 50 लाख की रंगदारी मांगी गई है। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जान मारने की धमकी भी दी गई है। संदेश में लाल सलाम का भी जिक्र किया गया है।

### संदेश अनजान नंबर से भेजा गया

पुलिस के मुताबिक, रक्षा राज्य मंत्री को शुक्रवार को दोपहर करीब चार बजे के आसपास उनके मोबाइल पर धमकी दी गई। संदेश अनजान नंबर से भेजा गया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के एक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और इसकी जानकारी झारखंड के डीजीपी को भी दी। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि जिस मोबाइल से मैसेज भेजा गया था वह रांची के कांके का निकला। इसके बाद मंत्री ने खुद झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से बात की और शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आईएएस पूजा सिंघल की जमानत पर बहस पूरी, फैसला जल्द

**रांची :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जल्द कोर्ट आपका फैसला सुनायेगा। पूजा सिंघल ने नये कानून के तहत कस्टडी के आधार पर जेल से रिहा करने की गुहार लगायी है। जिस पर रांची पीएमएलए(प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हो रही है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। जिसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद है। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के मुताबिक, नये कानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपी की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है, तो उसे बेल दी जा सकती है।

सनसनीखेज घटना

## छात्र ने स्कूल में प्रिंसिपल को मारी गोली, फिर दोस्त के साथ हुआ फरार

एजेंसी

**छतरपुर :** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमोरा के प्रिंसिपल एसके सक्सेना की स्कूल में ही पढ़ने वाले 12वीं के छात्र सदम यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब प्रिंसिपल बाथरूम में गए थे, तब छात्र पीछे से पहुंचा और कट्टे से उनके सिर में गोली मार दी। इस घटना में प्रिंसिपल की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद छात्र प्रिंसिपल की स्कूटी लेकर दोस्त के साथ फरार हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर



पहुंचा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र प्रिंसिपल से परेशान था, हालांकि, पुलिस इस मामले में और गहराई से जांच कर रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरोपी छात्र उसी स्कूल में पढ़ता था। पुलिस और शिक्षक मिलकर इस घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

## सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, एक गंभीर



मेट्रो रेज

**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के बुढ़ाम के समीप सड़क दुघर्टना में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी एवं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों रांची के धुर्वा निवासी थे। दोनों एक ही बाइक से कहीं जा रहे थे,अचानक बुढ़ाम के समीप तेज रफ्तार बाइक एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी की एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान एक की मौत की पुष्टि कर दी। एवं घायल को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। मृतक का नाम जयप्रकाश कुमार एवं घायल का नाम कृष्णा कुमार बताया जा रहा है।

## गरीब रथ का इंजन मधुबनी में डिब्बों से हुआ अलग

**पटना :** बिहार के मधुबनी जिले में खजौली और राजनगर रेलवे स्टेशनों के बीच आनंद विहार (नयी दिल्ली) जाने वाली गरीब रथ ट्रेन का इंजन शुक्रवार को डिब्बों से अलग हो गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12:43 बजे हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को घटना के बारे में पता चलने के बाद दोपहर 1:10 बजे तक इंजन को अन्य बोगियों से जोड़ा गया, जिसके बाद में ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना कर दिया गया।

डबल डेकर बस और टैंकर के बीच भीषण टक्कर

## 8 की मौत,15 से अधिक घायल, मची चीख-पुकार

एजेंसी

**कन्नौज :** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस पानी के टैंकर से टकरा गई। घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। हादसा कन्नौज जिले के सौरिख के सकरावा क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस कई यात्रियों को लेकर जा रही थी, तभी वह अचानक से आगे जा रहे वाटर टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान की जा रही है और उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है। एसपी कन्नौज ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है।

## दर्दनाक सड़क हादसा : ट्रेलर ने ट्रक में मारी टक्कर, दो की मौत

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मार्ग पर एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। टीकर मोड़ के पास एक ट्रेलर ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और खलासी (हेल्पर) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक चालक तौफिक व खलासी अंसार खान खरौदा राजस्थान के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टीकर मोड़ में हाईवे पर बीच सड़क पर पहले से एक ट्रक खड़ा था। इसी



क्रम में टाटा से रांची की ओर जा रहे एक ट्रेलर ने बीच सड़क पर खड़े इस ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, चालक और खलासी का शव भी ट्रेलर में ही फंस गया। काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से ट्रेलर को हटाकर दोनों के शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।

## कल तक टला किसानों का दिल्ली कूच, सरकार को बातचीत का अल्टीमेटम

**चंडीगढ़ :** एमएसपी लागू करने व अन्य मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर बैठे पंजाब के किसानों ने दिल्ली कूच रविवार तक टाल दिया। किसानों ने सरकार को आज बातचीत का अल्टीमेटम दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान जत्थेबंदियों के दरवाजे बातचीत के लिए खुले हैं। अगर केंद्र सरकार बातचीत का न्योता देती है, तो मांगों को हल करने की दिशा में कदम उठाया जा सकता है। पंधेर ने कहा कि शनिवार को पंजाब में भाजपा नेताओं का घेराव किया जाएगा और रविवार को एक बार फिर किसान दिल्ली कूच के लिए निकलेंगे। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली कूच के लिए आगे बढ़े किसान हरियाणा की सीमा में दाखिल नहीं हो पाए। हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर शंभू में हरियाणा पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।




## न्यूज ब्रीफ

### रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस का समय बदला



रांचीः राजधानी रांची और पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के बीच चलने वाली रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन किया गया है।

14:45 बजे रांची से खुलेगी ट्रेनः दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया है कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच चलने वाली 12020 रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव हुआ है। यह ट्रेन 7 दिसंबर को अपने निर्धारित समय 13:45 बजे की बजाय 14:45 बजे रांची से खुलेगी।

लिंक रेक के विलंब की वजह से बदला ट्रेन का प्रस्थान समयः सीपीआरओ ने कहा है कि लिंक रेक देर से चल रही है। इसलिए 12020 रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा है। शताब्दी एक्सप्रेस सुबह हावड़ा से रांची के लिए खुलती है। यही ट्रेन वापस रांची से हावड़ा के लिए रवाना होती है।

### युवक का अपहरण कर मांग रहे थे फिरौती, पुलिस ने कराया मुक्त, एक गिरफ्तार



रामगढ़ः जिले की पुलिस ने फिरौती के लिए अपहृत किए गए अनिल कुमार नामक युवक को हजारीबाग शहर के लोहसिंगना इलाके से सकुशल मुक्त करा लिया है। अपहरण के एक आरोपी मो। अशफाक उर्फ राजू को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह के अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि रामगढ़ बस स्टैंड से युवक का अपहरण कर फिरौती की मांग की जा रही है। फिरौती की रकम न देने पर अपराधी अपहृत युवक की हत्या की भी धमकी दे रहे थे। सूचना मिलते ही मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में स्पेशल पुलिस टीम गठित की गई। इस टीम ने तकनीक के आधार पर अपहृत का लोकेशन ट्रैक किया और हजारीबाग शहर के लोहसिंगना इलाके में छापामारी अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि पुलिस जब लोकेशन ट्रैक करते हुए लोहसिंगना मैदान पहुंची, तो वहां दो लोग भागते हुए दिखे। इस पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ा। उसने अपना नाम तौसिफ जावेद बताया। उससे पूछताछ करने पर पता चला कि अपहृत युवक को कबाड़ में तब्दील एक बस के भीतर बांधकर रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे सकुशल बरामद कर लिया।

इस मामले में गिरफ्तार अशफाक उर्फ राजू हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को जेल भेज दिया है। अपहृत युवक की बरामदगी से उसके घर वालों ने राहत की सांस ली है। पुलिस इस मामले में तफ्तीश जारी रखते हुए अपहरणकर्ता के अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

### एसपीएमयू में मनायी गयी पद्मश्री गिरिधारी राम गौंझू की जयंती



**रांचीः** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (एसपीएमयू) में पद्मश्री गिरिधारी राम गौंझू की जंयती मनायी गयी। शिक्षक एवं छात्रों ने फोटो पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। इसके तहत आयोजित संगोष्ठी में झारखंडी भाषा-संस्कृति की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। इस मौके पर डॉ। मनोज कच्छप ने कहा कि डॉ गिरधारी राम गौंझू नागपुरी साहित्य संसार के सितारा थे। उनकी सोच उच्च कोटि की थी। जीवन में आगे बढ़ना है तो डॉ। गौंझू का अनुसरण करना होगा। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के अतिरिक्त अन्य झारखंडी भाषाओं में भी पढ़ाई सुनिश्चित करने की जरूरत है। वह समाज को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने साहित्यिक आंदोलन छेड़ा, झारखंड आंदोलन को उनके लेखन से बल मिला।

संजय कुमार साहु ने कहा कि कई किताबें भी प्रकाशित हुई हैं। वह हमेशा से सामाजिक और सांस्कृतिक काम करते थे। झारखंडी महापुरुषों की जयंती मनानी चाहिए। स्टेला टोप्पो ने कहा कि साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान दिया गया है। उनके नाटकों में आज भी झारखंडी संस्कृति की झलक दिखाई पड़ती है। कार्यक्रम का संचालन पन्नालाल महतो ने किया। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### चान्हो सड़क दुर्घटना में पैदल चल रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल

**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-39 पर स्थित लुंडरी मोड़ के पास शुक्रवार शाम करीब 6 बजे हुए सड़क हादसे में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की पहचान सरोज राम और विनोद राम के रूप में हुई है। यह दोनों हसन बाजार, बिहार के निवासी हैं और चान्हो के कटईया इलाके में किराए के मकान में रहकर फेरी का काम करते थे।

घटना के समय, सरोज और विनोद पैदल चल रहे थे, जब पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद, चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों की मदद की। सरोज राम की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि विनोद राम की स्थिति स्थिर है।

# सभी नवनियुक्त मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रोजेक्ट भवन में शुक्रवार को सभी नवनियुक्त मंत्रियों ने मुलाकात की। कैबिनेट की बैठक के ठीक पूर्व सभी मंत्री ने सीएम को बुके देकर उनका आभार जताया। वहीं मंत्रालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम और महासचिव राहुल कुमार ने मुलाकात की। इसके अलावा मुख्यमंत्री से एनसीसी ग्रुप कमांडेंट रांची ब्रिगेडियर आरके सिंह और सैनिक कल्याण निदेशालय के कर्नल पीके झा (रि) ने भी मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज लगाया। सीएम से झारखंड मंत्रालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक(पीसीसीएफ) झारखंड सत्यजीत सिंह और वाइल्ड लाइफ सीसीएफ एसआर नटेश ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इससे पहले कांके रोड आवास में सीएम से रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने मुलाकात की और पुस्तक भेंट की। वहीं डीसी देवघर विशाल सागर, आइजी दुमका क्रांति कुमार गढ़देशी, डीआइजी सीआइडी संध्या रानी मेहता और एसपी सीआइडी अनुरंजन किस्पोट्टा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इसके अलावा सीएम आवास में विधायक कल्पना सोरेन से गांडेय, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक श्रीमती सोरेन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

### अवैध रूप से रखे 6000 घनफिट बालू एवं 700 घनफिट स्टोन जब्त

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार खनन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न जगह पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें अवैध बालू ढुलाई का मामला हो या अवैध भंडारण का हो खनन विभाग लगातार कार्रवाई करते हुए ऐसे माफियाओं पर मामला भी दर्ज करने का काम कर रही है फिर एक बार खनन विभाग ने विभिन्य स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया जिसमें दुग्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामकृष्ण परमहंस शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में अवैध रूप से बालू लगभग 6000 घनफिट एवं स्टोन चिप्स लगभग 700 घनफिट भंडारित किया हुआ पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया। खनन विभाग ने महाविद्यालय के निदेशक सह सेक्रेटरी से खनिजों से संबंधित कागजातों की मांग की है जिसके बाद अग्रेत्तर करवाई विभाग द्वारा की जाएगी।उक्त अभियान में खान निरीक्षक, जितेंद्र कुमार महतो ,खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

## हाईकोर्ट ने बायो मेडिकल वेस्ट के निष्पादन पर सरकार से मांगा जवाब

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के अस्पतालों और नर्सिंग होम से निकलने वाले 'मेडिकल बायो वेस्ट' के निष्पादन पर राज्य सरकार और झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब तलब किया है।

चीफ जस्टिस एमएस। रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने एक मानवाधिकार संस्था की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से रिपोर्ट दाखिल कर बताने को कहा है कि राज्य में अभी कितने बायो वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट हैं? किन-किन जिलों में प्लांट ऑपरेशनल हैं? इनके अतिरिक्त और कितने नए प्लांट लगाने की योजना है?

कोर्ट ने अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल बायो वेस्ट के निष्पादन की प्रक्रिया की भी बिंदुवार जानकारी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी को तय की गई है।

कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट के निष्पादन को कंट्रोल करने के लिए क्या तंत्र है और क्या जिलों के सिविल सर्जन अस्पतालों एवं नर्सिंग होम के मेडिकल वेस्ट के निष्पादन पर निगरानी रख रहे हैं? क्या इसका निरीक्षण समय-समय पर किया जाता है?

सुनवाई के दौरान सरकार ने दावा किया कि राज्य के 1,633 निजी एवं सरकारी अस्पतालों और नर्सिंग होम से निकलने वाले मेडिकल बायो वेस्ट का नियमित निष्पादन किया जा रहा है। मेडिकल बायो वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के साथ इनका करार है और प्रतिदिन इसका उठाव किया जाता है।

सुनवाई के दौरान लोहरदगा में मेडिकल बायो वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट संचालित करने वाली कंपनी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने प्लांट स्थापित किया है, लेकिन कोई भी नर्सिंग होम मेडिकल वेस्ट निष्पादन के लिए उनसे संपर्क नहीं करता है।

मानवाधिकार संस्था की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि राज्य में मेडिकल वेस्ट का नियमों के अनुसार निष्पादन नहीं किए जाने के कारण संक्रमण और प्रदूषण फैलने का खतरा है। कई अस्पताल अपना मेडिकल वेस्ट आबादी वाले इलाकों में जहां-तहां खुले में छोड़ देते हैं।

## रिटायर्ड सेलकर्मी की हत्या की साजिश मामले में युवती सहित 3 गिरफ्तार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** जिला पुलिस ने सेक्टर 12 में हुए गोलीकांड के चर्चित मामले का उद्भेदन कर लिया है। एक दिसंबर को 67 वर्षीय रिटायर्ड बीएसएल कर्मी ललन सिंह की गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था। गोली लगने से ललन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने हत्या की साजिश के इस मामले में एक युवती सहित तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सेक्टर 12 जोड़ा टावर निवासी पुष्पा देवी उर्फ सुमन देवी (26 वर्ष), दुंदीबाद झोपड़ी निवासी रोशन कुमार उर्फ देव कुमार (20 वर्ष) व उसका एक साथी शामिल है। रोशन कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल, एक कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक व दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि आरोपियों ने ललन सिंह की हत्या कर उनके घर से पैसे लूटने की योजना बनाई थी। लेकिन उनकी योजना सफल नहीं हो पाई। ललन सिंह मनी लेंडर का काम करते हैं, जिसमें वह पैसे उधारी पर देते हैं। आरोपियों को शक था कि उनके घर में काफी पैसे हैं, इसलिए उन्होंने षड्यंत्र रचकर ललन सिंह को वारदात स्थल पर बुलाया और गोली चला दी। युवती पुष्पा देवी पिछले छह महीने से फोन के जरिए ललन सिंह के संपर्क में थी। इस घटना को अंजाम लिए आरोपी ने एक दोस्त से मोबाइल फोन उधार लिया था। ललन सिंह के बयान पर सेक्टर 12 थाना में मामला दर्ज किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। तकनीकी साक्ष्यों व अन्य सबूतों के आधार पर घटना में शामिल मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी टीम में सिटी डीएसपी आलेक रंजन, सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह, सेक्टर 4 थाना प्रभारी संजय कुमार, बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, सेक्टर 6 थाना के एसआई प्रभात कुमार समेत अन्य जवान शामिल थे।

## विद्यार्थियों को अब तक नहीं मिला ड्रेस और स्वेटर, चार डीइओ को कारण बताओ नोटिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** सरकारी स्कूल के बच्चों को अब तक ड्रेस और स्वेटर नहीं देनेवाले चार जिलों के डीइओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी डीइओ को एक सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा गया है। संबंधित जिलों के एडीपीओ की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव उमाशंकर सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक में दी।

लापरवाही बरतनेवाली अधिकारी बर्खास्त होंगे : शिक्षा सचिव ने कहा कि काम में लापरवाही बरतनेवाले पदाधिकारी का अब स्थानांतरण नहीं, बल्कि बर्खास्त करने की कार्रवाई होगी। स्वेटर वितरण में लापरवाही बरतने के कारण चतरा, लातेहार, देवघर व पलामू के डीइओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जबकि इन जिलों के एडीपीओ की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। एक सप्ताह में नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। जामताड़ा के शिक्षा पदाधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी जिलों को 15 दिसंबर तक साइकिल और पोशाक वितरण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। पांच प्रधानाध्यापक के वेतन पर रोकः स्कूल स्कोर कार्ड बनाने के कार्य में लापरवाही बरतने वाले पांच विद्यालय के प्रधानाध्यापक के वेतन पर रोक लगा दी गयी है। स्कूल स्कोर कार्ड तैयार करने के कार्य की निगरानी के लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन किया जायेगा। 15 दिसंबर तक सभी स्कूलों के यू डायस का डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया गया। जनवरी तक बैंक खाता खोलने का निर्देशः जनवरी तक शत-प्रतिशत स्कूली बच्चों का बैंक खाता खोलने का निर्देश दिया गया। जिससे कि बच्चों को डीबीटी के माध्यम से दी जानेवाली राशि समय पर मिल सके।

### बोकारो उपायुक्त ने की मेडिकल कॉलेज निर्माण की समीक्षा

**निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश**

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव ने सेक्टर 12 में बन रहे मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। डीसी ने बैठक में मौजूद निर्माण कर रही एजेंसी केएमवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधि सक अब तक हुए कायों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। गर्ल्स हॉस्टल, ब्वायज हॉस्टल सहित अन्य बिंदुओं पर पूछताछ की। एजेंसी के प्रतिनिधि ने भूमि के आसपास से अतिक्रमण व बिजली पोल हटाने की मांग की। जिस पर डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को इस दिशा में त्वरित पहल करने का निर्देश दिया। कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण में आ रही समस्याओं को जल्द दूर करें। बैठक में अपर समाहर्ता मो। मुमताज अंसारी, चास एसडीओ प्रांजल ढांडा, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, भवन निगम के कार्यपालक अभियंता, बीएसएल के एके सिंह, चास सीओ दीवाकर दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नक्सलियों और आपराधियों की बनाएं प्रोफाइल: डीजीपी

### नक्सलियों की धमकी मामले में केस दर्ज नहीं करने वाले पुलिस अफसरों पर होगी कार्रवाई

**मेट्रो रेज संवाददाता**




**रांचीः** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान और कोर्ट की सुरक्षा पर बड़ी बैठक की। पुलिस मुख्यालय में उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों और सभी जिलों के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिव्यू मीटिंग की। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में जिले के एसएसपी, एसपी, रेंज डीआईजी और जोनल आईजी के साथ हुए समीक्षा बैठक के दौरान कही। समीक्षा बैठक के दौरान पिछले दिनों में माओवादी, उग्रवादी और अपराधिक गुटों के द्वारा राज्य के कुछ जिलों में आगजनी/तोड़फोड़ की कुछ एक घटनाएं की गयी है।

डीजीपी ने दिए सख़्त निर्देश

सभी एसपी अपने जिले में पूर्व में घटित ऐसे सभी मामलों की समीक्षा करेंगे और पूर्व में घटित घटनाओं में वैसे मामले जिनमें धमकी मिलने की पूर्व सूचना देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है, वैसे मामलों में संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए अविलम्ब पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। भविष्य में यह भी सुनिश्चित करेंगे कि माओवादी, उग्रवादी औ अपराधिक गुटों द्वारा धमकी से संबंधित जो भी सूचना पीड़ित द्वारा दी जाती है, उसमें प्राथमिकी दर्ज की जाये।

सभी एसपी यह समीक्षा करेंगे कि आगजनी और तोड़फोड़ से संबंधित मामलों में दर्ज किये गये काण्डों के अनुसंधानक कौन है? ऐसे कितने मामले हैं, जिनमें काण्ड के अनुसंधानक थाना प्रभारी स्वयं हैं तथा कितने मामले में अन्य कनीय पदाधिकारी को अनुसंधानक बनाया गया है। इस संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करेंगे।

माओवादी, उग्रवादी और अपराधिक गुटों द्वारा किए गए आगजनी तोड़फोड़ से संबंधित पूर्व में घटित सभी काण्डों का अनुसंधान थाना प्रभारी स्वयं ग्रहण करेंगे। सभी एसपी यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में इस तरह की घटना घटित होने पर काण्ड का अनुसंधानक थाना प्रभारी या इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी को ही बनाया जाय। इसका अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित थाना प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी और संबंधित एसपी के विरूद्ध भी जिम्मेवारी तय की जायेगी।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## ब्याज दरों में अब कमी होनी ही चाहिए

**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने अपने वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मुद्रा नीति वक्तव्य (मोनेटरी पॉलिसी स्टेट्मेंट) दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जारी किया है। इस मुद्रा नीति वक्तव्य में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे पिछले 22 माह से (अर्थात 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों से) 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक के इतिहास में सबसे अधिक समय तक स्थिर रहने वाली रेपो दर है। इस बढ़ी हुई रेपो दर का भारत के आर्थिक विकास पर अब विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक दो माह के अंतराल पर मुद्रा नीति वक्तव्य जारी किया जाता है, परंतु पिछले 11 मुद्रा नीति वक्तव्यों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। जबकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर कुछ समय तक तो लगातार 6 प्रतिशत के सहनीय स्तर से नीचे बनी रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत मुद्रा स्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। इसका आशय यह है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर संभवतः वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में भी अधिक बनी रह सकती है। इसके पीछे खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से फल एवं सब्जियों) की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि, एक मुख्य कारण जिम्मेदार हो सकता है। परंतु, क्या ब्याज दरों में वृद्धि कर खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है? उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर को आंकने में खाद्य पदार्थों का भार लगभग 40 प्रतिशत है। यदि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में से खाद्य पदार्थों के भार को अलग कर दिया जाय तो यह आंकलन बनता है कि कोर पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों को बाजार में फलों एवं सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है, न कि ब्याज दरों में वृद्धि कर। इस वर्ष मानसून का पूरे देश में विस्तार ठीक तरह से नहीं रहा है, कुछ क्षेत्रों में बारिश की मात्रा अत्यधिक रही है एवं कुछ क्षेत्रों बारिश की मात्रा बहुत कम रही है, जिसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की उत्पादकता पर भी विपरीत रूप से पड़ा है, जिससे अंततः खाद्य पदार्थों की कीमतों में उच्छाल देखा गया है। बाद के समय में, अच्छे मानसून के पश्चात भारत में आने वाली रबी मौसम की फसल बहुत अच्छी मात्रा में आने की सम्भावना है क्योंकि न केवल फसल के कुल रकबे में वृद्धि दर्ज हुई है बल्कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होने की पर्याप्त सम्भावना है। इन कारकों के चलते आगे आने वाले समय में खाद्य पदार्थों की एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्फीति की दर निश्चित ही नियंत्रण के रहने की सम्भावना है। इससे, निश्चित ही रेपो दर को कम करने की स्थिति निर्मित होती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही, अमेरिका सहित यूरोप के विभिन्न देशों में भी ब्याज दरों को लगातार कम करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है, जिसका प्रभाव विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। क्योंकि, यह वृद्धि दर द्वितीय तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के कम रहने के कई विशेष कारण रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव के चलते केंद्र सरकार को अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में भारी कमी करना पड़ी थी। इसके बाद विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के चलते इन राज्यों द्वारा किए जाने वाले सामान्य खर्चों में अतुलनीय कमी की गई थी। जिससे अंततः नागरिकों के हाथों में खर्च करने लायक राशि में भारी कमी हो गई। दूसरे, इस वर्ष भारत में मानसून भी अनियंत्रित सा रहा है जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित हुआ एवं ग्रामीण इलाकों में नागरिकों की आय में कमी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में अस्थिरता बनी रही, जिसके कारण भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात प्रभावित हुए। इस अवधि में विनिर्माण के क्षेत्र एवं माइनिंग के क्षेत्र में उत्पादन भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। उक्त कारकों के चलते भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत कम रही है। इस द्वितीय तिमाही में विभिन्न कम्पनियों के वित्तीय परिणाम भी बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इनकी लाभप्रदता में आच्छानुरूप वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। कम्पनियों के वित्तीय परिणाम उत्साहजनक नहीं रहने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से सितम्बर, अक्टोबर एवं नवम्बर माह में 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। जिससे भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी सूचकांक में 3000 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज हुई है, निफ्टी सूचकांक अपने उच्चत्तम स्तर 26,400 से गिरकर 23,200 अंकों तक नीचे आ गया था। हालांकि अब यह पुनः बढ़कर 24,700 अंकों पर आ गया है और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बार पुनः भारतीय शेयर बाजार पर अपना भरोसा जताते हुए अपने निवेश में वृद्धि करना शुरू कर दिया है। अब देश में कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधान सभा चुनावों एवं लोक सभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों एवं सामान्य खर्चों में वृद्धि की जाएगी। साथ ही, भारत में त्यौहारी मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय नागरिकों के खर्चों में अपार वृद्धि होने की सम्भावना है। त्यौहारी एवं शादियों का मौसम भी नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 माह में प्रारम्भ हो चुका है। एक अनुमान के अनुसार नवम्बर माह में मनाए गए दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर भारतीय नागरिकों ने लगभग 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का व्यय किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी 2025 माह (13 जनवरी) में प्रयागराज में कुंभ मेला भी प्रारम्भ होने जा रहा है जो फरवरी 2025 माह (26 फरवरी) तक चलेगा। यह कुम्भ मेला प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार प्रयागराज में लगता है। एक अनुमान के अनुसार इस कुम्भ मेले में प्रतिदिन एक करोड़ नागरिक पहुंच सकते हैं। इससे देश में धार्मिक पर्यटन में भी अपार वृद्धि होगी। उक्त सभी कारणों के चलते, भारत में उपभोक्ता खर्च में भारी भरकम वृद्धि दर्ज होगी जो अंततः सकल घरेलू उत्पाद में पर्याप्त वृद्धि को दर्ज करने के सहायक होगी। साथ ही, अक्टोबर 2024 माह में भारत से विविध उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात में भी बहुत अच्छी वृद्धि दर दर्ज हुई है। इससे अंततः भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर बने रहने की प्रबल सम्भावना बनती नजर आ रही है।

साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी रिजर्व अनुपात में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। इससे 1.16 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय रिजर्व बैंक से बैकों को प्राप्त होगी एवं इस राशि से बैंकिंग क्षेत्र में तरलता में सुधार होगा एवं बैंकों की कर्ज देने की क्षमता में भी वृद्धि होगी। अधिक ऋणराशि की उपलब्धता से व्यापार एवं उद्योग की गतिविधियों को बल मिलेगा जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में सहायक होगा।

# डॉलर का दबदबा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था

> यह बात ध्यान देने लायक है कि अगर डॉलर की स्थिति समय के साथ कमजोर पड़ती है तो इसकी वजह अमेरिकी राजनीति होगी। डॉलर के दबदबे वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना कुछ देशों पर विकल्प तलाशने का दबाव बनाएगी। इतना ही नहीं ट्रंप द्वारा उच्च कर को प्राथमिकता और व्यापार घाटे को समाप्त करने की कोशिश डॉलर के खिलाफ जा सकती है।

**राकेश दुबे**

यह संकेत कहीं से भी अच्छे नहीं कहे जा सकते, अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति अप्रत्याशित है और देश के बड़े अर्थशास्त्री संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। वस्तुतःअमेरिका के साथी और विरोधी दोनों डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। इस बात के साफ संकेत हैं कि उनका दूसरा कार्यकाल मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए उनके पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक अप्रत्याशित और शायद अधिक उथल-पुथल भरा हो सकता है और भारत भी इससे सुरक्षित नहीं रहेगा।

संबंधित विभाग ने अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति का आकलन किया और संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। सबसे पहले शुल्क में कमी का मामला बनता है, लेकिन भारत को अपनी स्थिति प्रस्तुत करने के लिए अमेरिकी प्रतिष्ठान के साथ अधिक सक्रियता से संबद्धता दिखानी होगी। यह दिलचस्प बात है कि ट्रंप ने हाल ही में ब्रिक्स देशों को धमकी दी है कि अगर उन्होंने ब्रिक्स मुद्रा बनाई या अमेरिकी डॉलर के स्थान पर किसी अन्य मुद्रा को तरजीह दी तो वह उन पर 100 फीसदी शुल्क लगा देंगे। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं और इसका विस्तार करके अन्य देशों को स्थान दिया



जा सकता है। यह स्पष्ट नहीं है कि किस बात ने उन्हें यह टिप्पणी करने के लिए विवश किया लेकिन इससे मुद्रा बाजार में अस्थिरता आई।

पहली बात, फिलहाल जैसे हालात हैं उनमें अमेरिकी डॉलर को कोई खतरा नहीं दिखता। बैंक ऑफ इंटरनैशनल सेटलमेंट्स के 2022 के नोट के मुताबिक 90 प्रतिशत मुद्रा व्यापार में डॉलर शामिल था। करीब 60 प्रतिशत विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में हैं। दूसरा, किसी मुद्रा को आरक्षित मुद्रा का दर्जा देने की इच्छा का कोई खास अर्थ नहीं है। इसके अलावा अब तक संभावित ब्रिक्स मुद्रा का आकार और उसकी कार्यविधि को लेकर भी कुछ पता नहीं है। ट्रंप शायद ब्रिक्स के सदस्य देशों को हतोत्साहित करना चाह रहे थे। खासतौर पर वह चीन को मुद्रा परियोजना आगे ले जाने देने से रोकना चाहते थे।

चाहे जो भी हो भारत को ऐसे प्रयासों से बचना चाहिए। चूंकि चीन एक बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए योजना में उसका कद भी बड़ा होगा। हालांकि यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि इसे कैसे तैयार किया गया है। तीसरी बात, कुछ वैश्विक व्यापार समय के साथ युआन में स्थानांतरित हो सकता है क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बड़ा है और उसके व्यापक कारोबारी संबंध हैं। बहरहाल, ऐसा सीमित दायरे में होगा क्योंकि चीन का पूंजी पर तगड़ा नियंत्रण है। मुद्रा भंडार की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार 2024 की दूसरी तिमाही में चीनी मुद्रा में करीब 245 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा रखी गई थी जबकि अमेरिकी डॉलर वाला मुद्रा भंडार 6.6 लाख करोड़ डॉलर था। विभिन्न देश कारोबारी लेनदेन की सुगमता और वित्तीय बाजारों की गहराई को देखेंगे जो डॉलर के पक्ष में है।

यह बात ध्यान देने लायक है कि अगर डॉलर की स्थिति समय के साथ कमजोर पड़ती है तो इसकी वजह अमेरिकी राजनीति होगी। डॉलर के दबदबे वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना कुछ देशों पर विकल्प तलाशने का दबाव बनाएगी। इतना ही नहीं ट्रंप द्वारा उच्च कर को प्राथमिकता और व्यापार घाटे को समाप्त करने की कोशिश डॉलर के खिलाफ जा सकती है। अमेरिकी व्यापार घाटा शेष विश्व को डॉलर मुहैया कराती है। अगर आपूर्ति में उल्लेखनीय कमी आती है तो दुनिया विकल्प तलाशने पर विचार करेगी। भारत की बात करें तो गिफ्ट सिटी की स्थापना कुछ वित्तीय सेवाओं को देश में लाएगी और कंपनियों की लागत में कमी आएगी। ऐसे में निकट भविष्य में डॉलर पर निर्भरता कम होती नहीं नजर आती। अगर युआन अधिक लोकप्रिय होता है तो भी डॉलर भारत की प्राथमिकता वाली मुद्रा बना रहेगा। डॉलर की पुरानी मजबूती के अलावा भारत के हित भी चीन के बजाय अमेरिका से अधिक जुड़े हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)**

# भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

> भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है।

**प्रहलाद सबनानी**

भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।

भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं। अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है। शुरूआती दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है। व्यावसायिक रूप से किए जाने वाले उपयोग का लाभ जनजाति समाज को न मिलकर इसका पूरा लाभ समाज के अन्य वर्गों के लोग ले रहे हैं। उक्त वनस्पतियों एवं उत्पादों का व्यावसायिक उपयोग करने के बाद से ही प्रकृति का दोहन करने के स्थान पर शोषण किया जाने लगा है क्योंकि कई उद्योगों द्वारा उक्त उत्पादों का कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। इससे ध्यान में आता है कि जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है। हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से लड़ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया। भूमि साफ कर इसे कृषि योग्य बनाया और पशुपालन को प्रोत्साहन दिया। विकास की धारा में आगे बढ़ते हुए धीरे-धीरे विभिन्न गावों एवं कस्बों का निर्माण किया। आज भी जनजाति समाज की अधिकांश जनसंख्या दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती है। इन इलाकों में संचार माध्यमों का अभाव है। हालांकि धीरे धीरे अब सभी प्रकार की सुविधाएं इन सुदूर इलाकों में भी पहुंचाई जा रही हैं। परंतु, अभी भी जनजातीय समाज कृषि सम्बन्धी उन्नत विधियों से अनभिज्ञ है। सिंचाई साधनों का अभाव एवं उपजाऊ भूमि की कमी के कारण ये लोग परम्परागत कृषि व्यवस्था को अपनाते रहे हैं और इनकी उत्पादकता बहुत कम है। जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का पालन पोषण करते रहे हैं।

घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वछंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिटटी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है। जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है। हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है।

भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके। भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज को देश के आर्थिक विकास में शामिल करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद्द तक आसान बनाया जा सके।

# हनुमान जी की पूजा के समय करें इस स्त्रोत का पाठ

हिंदू धर्म में हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है। जैसे मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। हनुमान जी को प्रभु श्रीराम का अनन्य भक्त माना जाता है। मंगलवार के दिन जो भी जातक हनुमान जी के सच्चे मन और विधि-विधान से पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं मंगलवार का व्रत करने से जातक को हर कार्य में सफलता मिलती है और सभी कार्य बनने लगते हैं। वहीं ज्योतिष भी कार्य में सफलता पाने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं।

बता दें कि हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा करने से कुंडली में अशुभ ग्रहों का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। वहीं जातक के जीवन में भी मंगल का आगमन होता है। यदि आप आर्थिक तंगी और कष्टों से निजात पाना चाहते हैं, तो आपको मंगलवार के दिन स्नान आदि के बाद विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए औ? पूजा के दौरान ऋणमोचन स्त्रोत का पाठ करना चाहिए। इस स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को कर्ज से मुक्ति मिलती है और आर्थिक स्थिति ठीक हो जाती है।

ऋणमोचन अङ्गारकस्तोत्रम

रक्तमाल्याम्बरधरः शूलशक्तिगदाधरः ।
चतुर्भुजो मेषगतो वरदश्च धरासुतः ॥
मङ्गलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः ।
स्थिरासनो महाकायो सर्वकामफलप्रदः ॥
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः ।
धरात्मजः कुजो भौमो भूमिदो भूमिनन्दनः ॥
अङ्गारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः ।
सृष्टेः कर्ता च हर्ता च सर्वदेशैश्च पूजितः ॥
एतानि कुजनामानि नित्यं यः प्रयतः पठेत ।
ऋणं न जायते तस्य श्रियं प्राप्नोत्यसंशयः ॥
अङ्गारक महीपुत्र भगवन् भक्तवत्सल ।
नमोऽस्तु ते ममाशेषं ऋणमाशु विनाशय ॥
रक्तगन्धैश्च पुष्पैश्च धूपदीपैर्गुडोदनैः ।
मङ्गलं पूजयित्वा तु मङ्गलाहनि सर्वदा ॥
एकविंशति नामानि पठित्वा तु तदन्तिके ।
ऋणरेखा प्रकर्तव्या अङ्गारेण तदग्रतः ॥
ताश्च प्रमार्जयेन्नित्यं वामपादेन संस्मरन् ।
एवं कृते न सन्देहः ऋणान्मुक्तः सुखी भवेत ॥
महतीं श्रियमाप्नोति धनदेन समो भवेत ।
भूमिं च लभते विद्वान् पुत्रानायुश्च विन्दति ॥

**मूलमन्त्र:**

अङ्गारक महीपुत्र भगवन् भक्तवत्सल ।
नमस्तेऽस्तु महाभाग ऋणमाशु विनाशय ॥
अर्घ्यम । भूमिपुत्र महातेजः स्वेदोद्भव पिनाकिनः ।
ऋणार्थस्त्वां प्रपन्नोऽस्मि गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते ॥

**स्तोत्र के लाभ**

इस स्त्रोत का रोजाना जाप करने से जातक पर हनुमान जी की विशेष कृपा होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है।

## टिप्स

### क्या आप जानते हैं तुलसी के पौधे से जुड़े ये वास्तु टिप्स

सनातन धर्म में तुलसी का पौधा बेहद पूजनीय होता है। मान्यता के अनुसार, घर में तुलसी का पौधा रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। घर से नकारात्मक एनर्जी दूर होती और जीवन में धन, सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही कार्तिक माह में घर में तुलसी का पौधा लगाना और उसकी पूजा करने शुभ फलदायी होता है। हालांकि, जब भी आप अपने घर में तुलसी का पौधा लगाते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। आइए जानते हैं तुलसी से जुड़े वास्तु टिप्स।

**तुलसी के पौधे से जुड़े वास्तु टिप्स**

- वास्तु के मुताबिक, तुलसी का पौधा उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना अति शुभ माना गया है। इसके अलावा, दक्षिण दिशा में तुलसी का पौधा नहीं लगाएं। यह जीवन में नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है।
- तुलसी के पौधे के पास डस्टबिन, शूज और झाडू रखना नहीं चाहिए।
- आप चाहे तो तुलसी के पौधे को फूलों के पौधों के पास रख सकते हैं, लेकिन इसे कैक्टस के पास न रखें। वरना घर की नेगेटिविटी को बढ़ा देता है।
- घर में विषम संख्या में 1, 3 या 5 तुलसी का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। वहीं, सम संख्या में 2, 4 या 6 तुलसी के पौधे नहीं लगाना चाहिए।
- तुलसी का पौधा सदैव ऊंचा स्थान पर रखें।
- तुलसी के सुखे पौधे को घर पर कभी भी न रखें। इसको आपको जल्द ही घर से हटा दें। इसके जगह नया पौधा लगा दें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# भूमि विवाद के मामले में एक व्यक्ति से पूछताछ करने गई पुलिस के साथ ग्रामीणों की झड़प

## थाना प्रभारी व पुलिस जवानों को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

## पुलिस जवानों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया तीन राउंड फायरिंग

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभापुर डेरा में जमीनी विवाद का मामला को सुलझाने पहुंची मुफस्सिल पुलिस व ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार व पुलिस जवानों को बंधक बनाकर एनएच 80 मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इधर पुलिस जवानों के साथ ग्रामीणों की हाथापाई के दौरान पुलिस के जवानों ने अपनी सुरक्षा में तीन चक्र हवाई फायरिंग भी किया। इधर आकर्षित भीड़ में कुछ पुलिस के जवानों के साथ मारपीट भी किए जिसमें तीन जवान किस्टो मेगा पूती हवलदार तूरका व जलधार पासवान घायल होगा।इधर घटना कि सूचना मिलते ही डीएसपी विजय कुशवाहा एसडीपीओ किशोर तिर्की,नगर थाना प्रभारी प्रभार प्रदीप कुमार जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दूबे सहित अन्य दर्जनों की संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचे। जहां मामले की जांच पड़ताल करते हुए ग्रामीणों को समझा बूझकर जांम को हटाया।जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना पुलिस शुक्रवार को जय कुमार दुबे के दिए गए जमीनी विवाद के आवेदन के आधार पर




जांच पड़ताल के लिए सोभनपूर डेरा घटना स्थल गए हुए थे। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद मुफस्सिल पुलिस पप्पू यादव के घर पहुंची । यहां पुलिस के सूचना तंत्र में पप्पू यादव के पास हथियार होने की बात बताई। इसके बाद पप्पू यादव पुलिस को देखकर भागने लगा ।पप्पू यादव को भगते देख पुलिस के जवानों ने खेड़कर रेलवे ट्रेक पार खेत से उसे धर दबोच लिया और पूरे खेत में हथियार की तलाशी करने लगे लेकिन हथियार नहीं मिला।इसी दौरान पुलिस ने पप्पू यादव के साथ मारपीट की भी घटना को अंजाम दिया। वही पप्पू यादव को लाने के क्रम में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और ग्रामीणों ने हो हंगामा करते हैं जवानों के साथ हाथा पाई करने लगे और पुलिस के हथियार छिनने कि कोशिश किया इसी दौरान पुलिस जवानों ने अपनी सुरक्षा में तीन राउंड फायरिंग भी किया। इधर ग्रामीणओं ने थाना प्रभारी मदन कुमार व अन्य पुलिस बलों को बंधक अभी बना लिया। इधर थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि जिस तरह से ग्रामीणों ने पुलिस के ऊपर हावी होकर मारपीट व हथियार छिनने और बंधक बनाने, सड़क जाम करने का कार्य किया है निश्चित रूप से सभी को चिन्हित कर मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल पर पुलिस छावनी में हुई तब्दील

इधर मुफस्सिल थाना प्रभारी व अन्य पुलिस बलों के बंधक बनाने एवं सड़क जाम करने की सूचना पर डीएसपी विजय कुशवाहा ,एसडीपीओ किशोर तिर्की,नगर थाना प्रभारी प्रभार प्रदीप कुमार, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दूबे सहित अन्य दर्जनों की संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचे।जहां पूरे एरिया में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस छावनी में तब्दील हो गई। इस दौरान भीड़ को पुलिस के जवानों ने समझा बूझकर तीतर बीतर किया और ग्रामीणों को समझा बूझकर मामले को शांत करवाया और सड़क जाम हटवाया।

पुलिस ने तीन राउंड किया फायरिंग

ग्रामीण और पुलिस के झड़प के दौरान कुछ लोगों द्वारा पुलिस जवान के साथ हाथापाई करने लगे। जिससे तीन जवान घायल भी हो गए। इसी दौरान कुछ लोगों ने हथियार छिनने का प्रयास किया गया। पुलिस बलों ने अपनी सुरक्षा को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर दो से तीन राउंड हवाई फायरिंग किया। इसके बाद भीड़ छितर बीतर हो गई और पुलिस जवान किसी तरह अपनी जान बचा घटनास्थल से दूर हो गई। इधर तीनों घायल पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर की देखरेख में दोनों जवान किस्टो मेगा पूती एवं हवलदार तूरका हेब्रम एवं जलंधर पासवान का इलाज किया जा रहा है।

घायल पप्पू यादव हायर सेंटर रेफर

इधर ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने जिस तरह से पप्पू यादव की पिटाई की है उसकी स्थिति काफी नाजुक हो गई है सदर अस्पताल में कुछ घंटे डॉक्टर की देखरेख में इलाज किया गया लेकिन ज्यादा हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने पप्पू यादव को हायर सेंटर रेफर किया। डॉक्टर ने बताया कि पप्पू यादव के अनुसार उसे पूरे शरीर में काफी दर्द है और कई बार उसने उल्टी भी की है और मुंह से ब्लड भी आ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर पप्पू यादव को रेफर कर दिया गया।

जय कुमार दुबे के आवेदन के आधार पर जांच करने गई थी पुलिस क्या है पूरा मामला

बीते बुधवार को जय कुमार दुबे ने जमीनी विवाद को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिस आवेदन में अंकित किया गया था कि जय कुमार अपने जमीन में जोत आबाद कर रहा था। उसी दौरान पप्पू यादव उर्फ लव यादव, राजेश यादव दोनों आए और जोत आबाद करने से मना करने लगे एवं मुझे तथा मेरी पत्नी को गाली गलौज करने लगे ।साथ ही वहलोग मेरे साथ हाथापाई करने लगे और कमर से देसी कट्टा निकालकर हम लोग के ऊपर तान दिया तथा कहने लगा कि इस जमीन को तुम लोग छोड़ दो नहीं तो तुम लोग को जान से मार देंगे। इसके बाद पीड़ित ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का गुहार लगाया था। शुक्रवार की सुबह आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ जांच पड़ताल के लिए गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मेरी मां को धक्का मुक्की करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से कर दिया घायल : पीड़ित

**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना निवासी मो. इंतेखाब आलम व मां बीबी मुस्तरी बेगम को पांच से छह लोगों ने मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना कि सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए घायलों का इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।वही घायल मो. इंतेखाब आलम ने बताया गुरुवार की रात मै और मेरी मां बीबी मुस्तरी बेगम अपने घर से अपनी नानी के घर जा रहे थे। बीच रास्ता पहुंचे में अचानक मो. मोफिज ,मो. अकबर अली व अन्य चार से पांच युवकों ने मुझे और मेरी मां को धक्का मुक्की करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जाते-जाते जान मारने की भी धमकी दिया। इधर थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

### दोनों घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती

साहिबगंज:जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ निवासी सोनू पासवान व पत्नी सोनाली देवी किसी भी बात को लेकर आपस में झगड़ पड़े। जिसमें सोनाली देवी गंभीर रूप से घायल हो गई ।वहीं बीच बचाव करने पहुंचे पार्वती देवी को भी गंभीर चोट लगी है।स्वजनों ने दोनों घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल महिला पार्वती देवी ने बताया सोनू अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहा था और झगड़ा मारपीट में बदल गया मारपीट के दौरान सोनाली के सिर पर गंभीर चोट लगी। बीच बचाव करने पहुंची तो धक्का मुक्की के दौरान मेरा पैर फिसल गया और जमीन से जा टकराया जिससे मेरा भी सर फट गया।

### 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने भुनेश्वर पहुंचे खिलाड़ी



**साहिबगंज :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम उड़ीसा सरकार द्वारा आगामी 07 से 11 दिसंबर तक भुनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु अंडर 14 आयु वर्ग में संतोष मुर्मू ट्रायथलन ग्रुप ए अंडर 20 वर्ष नीरज यादव जेवलिन थ्रो प्रशिक्षक योगेश यादव के साथ भुनेश्वर पहुंचे । आयोजित प्रतियोगिता में पदक के लिए लगाएंगे जोर ।उपायुक्त हेमंत सती ,जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधवचंद्र घोष उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, अधिवक्ता ओम तत्सत कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू डे बोर्डिंग प्रशिक्षक अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल,जीम ट्रेनर गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए दी शुभकामना।

### अंबेडकर जी भारतीय समाज के एक प्रमुख नेता समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे : बरकत खान



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत के राजमहल रोड स्थित बसीर गैरेज प्रांगण में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रणजीत टुडू ने की ।कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला अध्यक्ष बरकत खान उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम कार्यकताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया साथ ही सभी ने दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक प्रमुख नेता,समाज सुधारक,और संविधान निमार्ता थे ।उनकी जीवन यात्रा और संघर्षों ने उन्हें भारतीय सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में एक विशेष स्थान दिलाया ।मौके पर अशोक दास,रणजीत टुडू,भोला नाथ महतो,मिठुन कुमार मंडल,हीरालाल साह,अश्विनी आनंद,शहनवाज नासीर,निताय सरकार,मनोज घोष,छोटेलाल रमानी,आलमगीर मंसूरी,छोटे साव,देवानंद महतो,थोमस रॉबर्ट, समाउल,लोकनाथ घोष, आफताब सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक, दिये निर्देश

पलामू: पाटन प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अमित कुमार झा ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की. कहा कि कार्यों में तेजी लाएं नहीं तो होगी कार्रवाई. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि काम नहीं करने वाले रोजगार सेवक को किसी भी कीमत में छोड़ेंगे. वहीं वित्तीय वर्ष 2021 से जो भी योजना लंबित है उसे बंद करने का निर्देश दिया गया. मजदूरों की संख्या बढ़ाने के लिए मनरेगा के तहत चल रही योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास बागवानी समेत पंचायत के द्वारा की जा रही मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी निर्देश दिया.उन्होंने मनरेगा में कार्य नहीं करने वाले कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई. मौके पर बीपीओ सिटी सिन्हा, बीएफटी बृजेश कुमार, रोजगार सेवक देवेंद्र उपाध्याय, अनुज पासवान, धनंजय राम, प्रेम कुमार, पंचायत सचिव पुरुषोत्तम बेध, बीपीआरओ अहमद हुसैन अंसारी व पंचायत सचिव सुरेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे.

### बीएसएनएल ने शुरू की हाईस्पीड इंटरनेट सेवा

पलामू: भारत के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा को पहुचानें का प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक डछळ, जो कि एक इंटरनेट से संबंधित उपकरण है, का अनावरण शुक्रवार को पांकी प्रखंड में, बीएसएनल द्वारा किया गया. इस दौरान बीएसएनएल डाल्टनगंज के वरीय अधिकारी आरके सिंह उप महाप्रबंधक डाल्टनगंज, प्रबंधक संजीव कुमार, उप मंडल अभियंता अंजनी कुमार, तथा बाबूलाल यादव उपस्थित थे. इस दौरान पांकी के निवासी के साथ एक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया. जिसके दौरान निवासियों को इस सेवा की सारे प्लांस से अवगत कराया गया है. सभी बीएसएनएल की नई सेवा को देखकर सुखद आश्चर्य व्यक्त किया.

# डीएमएफटी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा



## प्राथमिकता के आधार पर सभी योजनाओं को तय समय में पूरा करने का निर्देश

**साहिबगंज :** डीएमएफटी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत संचालित योजनाओं की जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक की।डीएमएफटी अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक में पेयजल, स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत और नए भवन बनाने का काम पीसीसी निर्माण, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता के विषय में जानकारी ली।उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूपगुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। राशि से किये जा रहे महिला शौचालय निर्माण,सदर अस्पताल मरम्मती कार्य, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण,तालाब एवं जलाशय, जल मिनार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया।इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालीया, कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

## पलामू बालिका गृह कांडः पुलिस हर एंगल से कर रही जांच

**पलामू :** पलामू में बालिका गृह में यौन शोषण मामले में पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है. पुलिस पता लगाने में जुटी है कि वे कौन अधिकारी और लोग थे जिन्हें व्हाट्सएप पर बालिका गृह के बच्चियों को तस्वीर भेजी जाती थी. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. पुलिस का दवा है कि जो भी इस मामले में संलिपित होंगे उनकी गिरफ्तारी होगी. पूरे मामले की जांच कर रहे एएसपी राकेश सिंह ने दी जानकारी दी. बता दें कि पलामू में बालिका गृह में रहने वाली दो बच्चियों के साथ सुपरीटेंडेंट राम प्रसाद गुप्ता पर यौन शोषण का आरोप लगा था.

मामले की जांच करते हुए पुलिस ने सुपरिंटेंडेंट और वार्डन प्रियंका को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और पूरे मामले की अभी भी जांच चल रही है. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और झारखंड के सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव ने झारखंड सरकार और जिला प्रशासन से अच्छे से जांच कर और आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है. इधर पंकज यादव ने बताया कि जिला प्रशासन सही से जांच नहीं करती है तो मैं इस मामले में सीबीआई से जांच करने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका करूंगा.

## बाबा साहेब भारतीय विधिवेत्ता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे : सुनील



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय साहिबगंज में डॉ बाबासाहब भीमराव आम्बेडकर के पुण्यतिथ कांग्रेस जिला सचिव सुनील पासवान के नेतृत्व मे मनाई गई ।कांग्रेस कार्यकताओं ने डॉ °बाबासाहब भीमराव आम्बेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।जिला सचिव सुनील पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन दूसरों को बेहतर जीवन एवं अधिकार मिले इसे लेकर समर्पित रहा है ।उन्होंने कहा कि बाबा साहब भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ,और समाजसुधारक थे ।उन्होंने दलित आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था ।श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया ।पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अशोक पासवान ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने देश को संविधान के रूप में एक ऐसा माध्यम दिया जिसके नीचे हरवर्ग एक समान है ।जिसमें सबके अधिकारों,कर्तव्यों की बात कही गई है ।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन जिला उपाध्यक्ष बासुकीनाथ यादव,जिला महासचिव नित्यानंद गुप्ता,जिला महासचिव सरफराज आलम,जिला सचिव उमेश पांडे,जिला सचिव मंगल पासवान,नगर अध्यक्ष महेन्द्र पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# महिलाओं की सुरक्षा हम सब की पहली प्राथमिकता : डालसा सचिव

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धो कान्हू सभागार में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शुभ आरंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ भगत के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि लिंग आधारित हिंसा समाज के लिए एक अभिशाप है, जिसे हमें मिलकर खत्म करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के प्रति हिंसा एक गंभीर समस्या है। जिसे हमें अपने समाज से मिटाना बहुत जरूरी है। वहीं उन्होंने कानूनी पाठ पढ़ाते हुए कहां की जितने भी आशा है लोग, महिला बच्चे बूढ़े के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार बना है वही जिन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है वह जिला विधि सेवक अधिकार के पीएलवी जो कि उनके गांव में मौजूद होते हैं उनसे संपर्क कर मौजूदा जानकारी लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव कार्यक्रम को संबोधित कर



महिलाओं में एक बड़ा प्रयास लाने की बात कही जहां उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके खिलाफ कार्रवाई करना है।अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिसमे सेमिनार, वर्कशॉप और जागरूकता आदि शामिल हैं। वहीं मंच संचालन करते हुए बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी कहा कि सभ्य समाज में महिलाओं के प्रति हिंसा का कोई स्थान नहीं है आज महिलाएं स्वावलंबी है और समाज की मुख्य धारा में अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है। वही बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि भारत में महिलाओं के अधिकारों और उनसे सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और सांस्कृतिक स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास हुए हैं। लेकिन इसके बावजूद कई चुनौतियां और खामोशियां बनी है भारत में बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में आज भी लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर अधिक है उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी अभी पुरुषों की तुलना में कम है वहीं उन्होंने इस स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी।इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण हेतु शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव ने सभागार में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं चाइल्ड हेल्पलाइन सामाजिक कार्यकताओं पुलिस पदाधिकारी को शपथ दिलाया कि हर हाल में हम बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे ।मौके पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य बबीता कुमारी, हेमलता पटेल ,बाल कल्याण समिति के सदस्य सुधा कुमारी, दिनेश शर्मा, सभी बाल मित्र, थाना प्रभारी,जेएसएलपीएस से प्रिया ज्योति, एक्सआईएसएस से सुभाजित चंद्र, मंथन से नाहिद प्रवीण, शबनम प्रवीण, आराधना मंडल, रंजीत कुमार ,अंशु मालाकार, चाइल्डलाइन के मोहम्मद इकबाल अंसारी, अवधेश कुमार,सुमन कुमार ,सेविका महिला सहायता समूह, आदि मौजूद रहे।

# बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन रिकॉर्ड्स बनाने वाली 'पुष्पा 2' का दूसरे दिन भी जलवा जारी



बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' गुरुवार यानी 5 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज हो गई। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज'' का सीक्वल है। तीन साल पहले निमार्ताओं द्वारा दूसरे भाग की घोषणा के बाद से ही दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था।

आखिरकार ये फिल्म दर्शकों के सामने आ ही गई है। 'पुष्पा 2' देखने के लिए दर्शक उमड़ रहे हैं। 'पुष्पा 2' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म की एडवांस बुकिंग जबरदस्त थी। साथ ही प्रीमियर शो को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद फिल्म ने शानदार ओपनिंग की। बिना छुट्टी वाला दिन होने के बावजूद गुरुवार को फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। इसके बाद फिल्म का दूसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी अच्छा रहा है। 'पुष्पा 2' की दूसरे दिन की कमाई सामने आ गई है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 'पुष्पा 2' ने सभी भाषाओं में 90.1 करोड़ रुपये की कमाई की। 'पुष्पा 2' ने पहले दिन यानी गुरुवार को देशभर में कुल 175.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने दो दिन में 265 करोड़ की कमाई की और प्रीमियर शो में 10.65 करोड़ की कमाई करते हुए फिल्म ने भारत में कुल 275 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। वही वर्ल्डवाइड की बात करे तो फिल्म ने दुनियाभर में 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है।

पुष्पा 2 सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित है। फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ मलयालम एक्टर फहद फासिल अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'पुष्पा 2' अल्लू अर्जुन की 2021 रिलीज 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है। इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन ने नेशनल अवॉर्ड भी जीता था।

## दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में दीपिका पादुकोण ने किया डांस

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी बेटी के जन्म के बाद पहली बार किसी इवेंट में दिखी हैं। हाल ही में दीपिका फेमस सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में शामिल हुईं। इस बार दिलजीत ने ना सिर्फ दीपिका के ब्रांड को प्रमोट किया बल्कि दोनों एक साथ स्टेज पर परफॉर्म करते नजर आए। दिलजीत ने अपना लोकप्रिय गाना 'लवर' गाया और दीपिका इस पर थिरकती नजर आईं।



### दिलजीत ने दीपिका के ब्रांड का प्रमोशन किया

दिलजीत ने अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट में दीपिका पादुकोण के ब्यूटी ब्रांड का प्रमोशन किया। वह सबसे पहले दीपिका के ब्रांड का एक प्रोडक्ट हाथ में लेते हैं और फैन्स से पूछते हैं, 'यह किसका है, क्या किसी को पता है? फिर सभी लोग दीपिका का नाम पुकारते हैं। इसके बाद दिलजीत कहते हैं, मैं इससे नहाता हूं, इससे अपना चेहरा धोता हूं। ये मेरी खूबसूरती का राज है। इसके बाद वह मंच के पीछे बैठी दीपिका को मुस्कुराते हुए मंच पर बुलाते हैं।

### दिलजीत ने की दीपिका की तारीफ

एक वीडियो में दीपिका और दिलजीत एक साथ 'लवर' गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दीपिका उन्हें कुछ कन्नड़ लाइनें सिखाती नजर आ रही हैं, जिससे दर्शक उनके लिए तालियां बजाने पर मजबूर हो रहे हैं। आगे दिलजीत एक्ट्रेस की तारीफ करते हुए कहते हैं, 'क्या आप यकीन कर सकते हैं मेरे दोस्तों, आपने बड़े पर्दे पर अब तक जो सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस देखी है वो आज हमारे बीच में हैं। उन्होंने अपने दम पर बॉलीवुड में अपनी एक अलग जगह बनाई है। आपको गर्व होना चाहिए, हम सब हैं।'

इस पल का वीडियो शेयर करते हुए दिलजीत ने लिखा, 'क्वीन दीपिका पादुकोण, इस पर दीपिका ने कहा, 'इन यादों के लिए धन्यवाद।'

दीपिका आखिरी बार नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' में प्रभास, अमिताभ बच्चन और कमल हासन के साथ नजर आई थीं। इस साइंस फिक्शन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' में शक्ति शेट्टी की भूमिका भी निभाई। अभिनेत्री दीपिका और रणवीर सिंह ने इस साल 8 सितंबर को अपनी बेटी दुआ का स्वागत किया। वह अपनी बेटी के जन्म के बाद से ही ब्रेक पर हैं।

# रियल मैड्रिड में एम्बाप्पे अब भी सुर्खियों में अलाबा और विनिसियस चोट से वापसी के करीब



**एजेंसी**

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी को शनिवार को गिरोना में होने वाले ला लीगा दौरे से पहले शुक्रवार को एक बार फिर किलियन एमबाप्पे के फॉर्म के बारे में सवालों का जवाब देना पड़ा। मैड्रिड स्पेन के उत्तर-पूर्व की यात्रा पर है, जहां उसे बुधवार रात एथलेटिक बिलबाओ के हाथों 2-1 से पराजय का सामना करना पड़ा था। ऐसा लग रहा था कि मैड्रिड पहुंचने के बाद से एमबाप्पे ने अपनी चिंताजनक फॉर्म को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि उन्होंने पिछले सप्ताहांत गेटाफे के खिलाफ गोल किया था, लेकिन बुधवार को संदेह फिर से उभर आया, जब एथलेटिक डिफेंस ने उन्हें नियंत्रित कर लिया और एक सप्ताह में उनकी दूसरी पेनल्टी भी घरेलू गोलकीपर जुलेन एगिररेजाबाला ने बचा ली।

एंसेलोटी ने फ्रांसीसी खिलाड़ी के बारे में कहा, 'हमें हर चीज पर गौर करना होगा और उसे समझाना होगा कि मैदान पर कैसे सुधार करना है। मुझे लगता है कि उसने अपने खेल की तीव्रता के मामले में बहुत सुधार किया है। वह अच्छे स्तर पर है और हमें उसका समर्थन करना होगा।'

एंसेलोटी ने कहा कि उनका मानना ??है कि मैड्रिड में एमबाप्पे की समस्या का एक हिस्सा 'निरंतरता' है, और 'यह तब आएगा जब वह और उसके साथी उसकी विशेषताओं के अनुकूल होंगे जो व्यक्तिगत और अलग हैं, लेकिन यह धीरे-धीरे आएगा।'

एंसेलोटी को हमलावर खिलाड़ी विनिसियस जूनियर और मिडफील्डर एडुआर्डो कैमाविंगा के चोटिल होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले दानी कार्वाजल, एडर मिलिटाओ और डेविड अलाबा के कारण भी, हालांकि उनके पास अच्छी खबर है, उन्होंने बताया कि विनिसियस अगले सप्ताह अटलांटा के महत्वपूर्ण चैम्पियंस लीग दौरे के लिए फिट हो जाएंगे, और अलाबा ने भी लंबे समय से घुटने की चोट के बाद टीम के साथ प्रशिक्षण शुरू कर दिया है।

गिरोना को सप्ताह के मध्य में निराशा का सामना करना पड़ा था, जब उसे कोपा डेल रे से चौथे दर्जे के लोग्रोनस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, मिशेल सांचेज की टीम ने ला लीगा में अपने पिछले चार मैचों में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ सुधार किया है।

# टीपीएल : यश मुंबई ईगल्स शीर्ष पर पहुंची, हैदराबाद स्ट्राइकर्स दूसरे स्थान पर, शीर्ष चार के लिए लड़ाई तेज

**एजेंसी**



**मुंबई।** मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में चल रहे टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन 6 में शुक्रवार को चेन्नई स्मैशर्स के खिलाफ क्लीन स्वीप करने के बाद यश मुंबई ईगल्स तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

क्वालीफिकेशन स्पॉट के लिए लड़ाई तेज होने के साथ, बंगाल विजाड्र्स और गुजरात पैंथर्स के बीच पहले गेम में मुकाबला हुआ।

दिन की शुरूआत एकातेरिना काज़ियोनोवा और कामिला राखीमोवा के बीच रोमांचक मैच से हुई, जिसमें महिला एकल वर्ग में कामिला राखीमोवा ने 13-12 से जीत हासिल की। ??सुमित नागल ने पुरुष एकल वर्ग में निकी पूनाचा को 16-9 के स्कोर से हराया।

मिश्रित युगल वर्ग में, कामिला राखीमोवा और श्रीराम बालाजी की बंगाल विजाड्र्स जोड़ी ने एकातेरिना काज़ियोनोवा और सिद्धांत बंथिया के खिलाफ 15-10 से जीत हासिल की। पहले मैच में श्रीराम बालाजी और निकी पूनाचा ने सुमित नागल और सिद्धांत बंथिया के खिलाफ रोमांचक गेम में 13-12 के स्कोर से जीत हासिल की। ??हालांकि, गुजरात पैंथर्स ने 51-49 से जीत दर्ज करके मैच जीत लिया।

चेन्नई स्मैशर्स और यश मुंबई ईगल्स के बीच दिन का दूसरा मैच खेला गया। जेनेप सोनमेज ने महिला एकल में अपनी प्रतिद्वंद्वी कोनी पेरिन को 16-9 से हराकर यश मुंबई ईगल्स को बढ़त दिलाई। करण सिंह ने ह्यूगो गैस्टन के खिलाफ अपना गेम भी 14-11 के स्कोर से जीता। मिश्रित युगल मुकाबला रोमांचक रहा जिसमें यश मुंबई ईगल्स ने जेनेप सोनमेज और जीवन नेदुनचेझियान की बदौलत गेम जीत लिया, जिन्होंने कोनी पेरिन और रित्विक चौधरी बोलिपल्ली को 13-12 के स्कोर से हराया। करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान ने पुरुष युगल वर्ग में ह्यूगो गैस्टन और रित्विक चौधरी बोलिपल्ली को 15-10 के स्कोर से हराकर यश मुंबई ईगल्स को 58-42 के स्कोर से क्लीन स्वीप किया। तीसरे मैच में पंजाब पैट्रियट्स का मुकाबला राजस्थान रेंजर्स से दूसरे हाफ में हुआ। महिला एकल वर्ग में पंजाब पैट्रियट्स की एलिना अवनेस्यान ने राजस्थान रेंजर्स की क्रिस्टीना दीनू को 15-10 के स्कोर से हराया। राजस्थान रेंजर्स के आर्थर फेरी ने पंजाब पैट्रियट्स के मुकुंद शशिकुमार पर दबदबा बनाते हुए पुरुष एकल वर्ग में 16-9 के स्कोर से जीत दर्ज की।


मिक्स्ड डबल्स में पंजाब पैट्रियट्स की एलिना अवनेस्यान और साकेत मायनेनी ने क्रिस्टीना दीनू और रोहन बोपन्ना के खिलाफ कड़े मुकाबले में 13-12 के स्कोर से जीत हासिल की।

पुरुष युगल श्रेणी के खेल में राजस्थान रेंजर्स के रोहन बोपन्ना और आर्थर फेरी ने पंजाब पैट्रियट्स के मुकुंद शशिकुमार और साकेत मायनेनी को 13-12 के मामूली स्कोर से हराया, जिससे राजस्थान रेंजर्स ने 51-49 के अंतिम स्कोर के साथ जीत दर्ज की। दिन के आखिरी मैच में बेंगलुरु एसजी पाइपर्स ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के साथ मुकाबला किया। महिला एकल में शुरूआत करते हुए बेंगलुरु एसजी पाइपर्स की गैब्रिएला नटसन ने फॉर्म में चल रही हैरियट डार्ट के खिलाफ 13-12 के स्कोर से जीत हासिल की। पुरुष एकल श्रेणी में बर्नबे जैपाटा मिरालेस ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक को 15-10 के स्कोर से हराकर बेंगलुरु एसजी पाइपर्स के लिए लय बनाए रखी। बेंगलुरु एसजी पाइपर्स के गैब्रिएला नटसन और अनिरुद्ध चंद्रशेखर ने मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में हैदराबाद स्ट्राइकर्स के हैरियट डार्ट और विष्णु वर्धन को 13-12 से हराया।

पुरुष डबल्स में, बेंजामिन लॉक और विष्णु वर्धन ने बर्नबे जापाटा मिरालेस और अनिरुद्ध चंद्रशेखर के खिलाफ एक और कड़े मुकाबले में 13-12 से जीत हासिल की। बेंगलुरु एसजी पाइपर्स ने 53-47 के स्कोर के साथ मैच जीत लिया और रोमांचक दिन का समापन किया।

चौथे दिन के अंत में, यश मुंबई ईगल्स 215 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। हैदराबाद स्ट्राइकर्स 211 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रेंजर्स तीसरे स्थान पर है, उसके बाद गुजरात पैंथर्स 205 और 201 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। बेंगलुरु एसजी पाइपर्स और पंजाब पैट्रियट्स 198 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। चेन्नई स्मैशर्स 190 अंकों के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई है, जबकि बंगाल विजाड्र्स 182 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है।

## ऑस्कर मारिटू के चीनी सुपर लीग क्लब युन्नान युकुन में शामिल होने की संभावना



**एजेंसी**

**बीजिंग।** ऑस्कर मारिटू का युन्नान युकुन में शामिल होना तय है, ऐसी खबरें हैं कि उन्होंने नव-प्रवर्तित चीनी सुपर लीग क्लब के साथ समझौता कर लिया है। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य का यह स्ट्राइकर बुधवार रात युक्सी, युन्नान प्रांत पहुंचा, जहां युकुन स्थित है, और वह को प्री-सीजन प्रशिक्षण के लिए टीम में शामिल होगा। इंटरनेट पर पोस्ट की गई एक तस्वीर में फारवर्ड मारिटू को युन्नान युकुन बैनर के नीचे प्रशंसकों के एक समूह के साथ देखा जा सकता है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारिटू और युन्नान क्लब ने एक साल के विकल्प के साथ तीन साल के अनुबंध पर सहमति व्यक्त की है। मारिटू ने अगस्त के मध्य में वेतन विवाद के कारण चीन की शीर्ष टीम कैंगझोउ माइटी लायंस को छोड़ दिया था।

## इंटर मियामी के साथ रिकॉर्ड सीजन के बाद एमएलएस के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुने गए मेसी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी के साथ एक बेहतरीन सीजन के बाद लियोनेल मेसी को शुक्रवार को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुना गया। मेसी को यह पुरस्कार उनके प्रदर्शन के बाद दिया गया, जिसकी बदौलत मियामी ने नियमित सत्र में 74 अंकों का रिकॉर्ड बनाया, जिससे क्लब को अपना पहला सपोर्टर्स शील्ड मिला। एमवीपी समारोह में मेसी ने कहा, 'मैं यह पुरस्कार किसी और स्थिति में प्राप्त करना पसंद करता, जब मैं शनिवार को फाइनल खेल पाता। इस साल एमएलएस चैंपियन बनने का हमारा बड़ा सपना था। ऐसा नहीं हुआ, लेकिन अगले साल हम फिर से कोशिश करने के लिए और मजबूत होकर वापस आएंगे।' 37 वर्षीय अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने लीग में सबसे ज्यादा 36 गोल (20 गोल और 16 असिस्ट) करके नियमित सीजन का समापन किया।

यह पुरस्कार मेसी के लिए चोटों से भरे सीजन में आया है, जिसमें उन्होंने इस साल सिर्फ. 19 मैच खेले हैं।

एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा,'लियो, बधाई। हमारी पूरी लीग, हमारे पूरे देश और यहाँ और पूरी दुनिया में खेल से प्यार करने वाले हर व्यक्ति की ओर से, हम आपको अपनी लीग में पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का मेजर लीग सॉकर में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनना हम सभी के लिए एक सपना है।'

# सैंडर स्कॉटहेम ने जीता अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले पुरस्कार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कॉटहेम ने विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले का पुरस्कार जीता। प्रशंसकों से प्राप्त नामांकन के बाद, अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले समिति (सीआईएफपी) और विश्व एथलेटिक्स के सदस्यों ने 2024 में एथलेटिक्स में पांच फेयर प्ले क्षणों की एक सूची पर निर्णय लेने के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया, जिसके बाद स्कॉटहेम को विजेता घोषित किया गया।





स्कॉटहेम के लिए निष्पक्ष खेल का क्षण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में आया, जहाँ पोल वॉल्ट पदक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद विश्व इनडोर और यूरोपीय रजत पदक विजेता स्कॉटहेम ने प्रतिस्पर्धा जारी रखने का फैसला किया। इस प्रक्रिया में स्कॉटहेम ने अपने हमवतन मार्कस रूथ का समर्थन किया, और अंतिम अनुशासन - 1500 मीटर में अपने साथी की मदद की।

रूथ ने 8796 अंकों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर के साथ नॉर्वे के लिए स्वर्ण पदक जीता, और 48 अंकों से ओलंपिक खिताब जीता।

विश्व एथलेटिक्स के हवाले से स्कॉटहेम ने कहा, ₹मैं यह पुरस्कार पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। ओलंपिक मेरे लिए बहुत ही रोचक अनुभव था, क्योंकि मैंने बहुत अच्छी प्रतियोगिता की थी और फिर मैं पोल ??वॉल्ट में नो-हाइट हो गया और इसने मेरे पदक जीतने की संभावनाओं को बर्बाद कर दिया। उसी समय, मार्कस ने बहुत अच्छी पोल वॉल्ट प्रतियोगिता की जिसने उन्हें जीतने के लिए एक उत्कृष्ट स्थिति में ला दिया।

स्कॉटहेम के इस वर्ष में 8635 का डेकाथलॉन पीबी हासिल किया था, जिसने उन्हें रोम में यूरोपीय रजत दिलाया और उनके 6407 के हेप्टाथलॉन राष्ट्रीय रिकॉर्ड ने विश्व इनडोर पदक दिलाया।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने कहाः 'मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारा खेल एथलीटों के बीच निष्पक्ष खेल, ईमानदारी और सौहार्द के क्षणों के मामले में एक उदाहरण बना हुआ है। हम इसे सभी अलग-अलग एथलेटिक्स विषयों में देख रहे हैं - ट्रैक, फील्ड और रोड पर। जिस तरह से सैंडर ने वापसी की, वह एक महान एथलीट की पहचान है। चरित्र की असली परीक्षा मुश्किल समय में होती है, यह तब नहीं होता जब सब कुछ ठीक चल रहा हो, इसलिए मैं सैंडर को उनकी खेल भावना और लचीलेपन के लिए बधाई देता हूँ - वे इस पुरस्कार के योग्य हैं।

सीआईएफपी के अध्यक्ष जेनो कामुती ने कहा, 'खेल जगत के सबसे महत्वपूर्ण मंच, ओलंपिक खेलों में एक एथलीट से इस तरह के निःस्वार्थ कार्य को देखना अद्भुत है। विश्व एथलेटिक्स के साथ हमारा संबंध अब 20 वर्षों से अधिक पुराना है, और अध्यक्ष कोए और उनकी टीम के साथ सहयोग करना एक खुशी की बात है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हो रही है कि हमने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से आगे सहयोग का विस्तार किया है और अब हम पूरे वर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के प्रस्तावों का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करते हैं। सैंडर स्कोथेम को बधाई।'

सीआईएफपी की स्थापना 60 साल पहले खेल में निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। यह उन लोगों को सम्मानित करता है जो खेल के लिखित और अलिखित नियमों का सम्मान करते हैं, जिसमें ईमानदारी, एकजुटता, सहिष्णुता, देखभाल, उत्कृष्टता और खुशी शामिल है, और जो मैदान पर और बाहर दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करते हैं। सीआईएफपी का विश्व एथलेटिक्स के साथ पहला सहयोग पेरिस में 2003 की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से शुरू हुआ। तब से बारह पुरस्कार दिए जा चुके हैं।

# हमारा अध्यात्म लकीर का फकीर नहीं, विज्ञान की तकनीक को भी अपना रहा : योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग के शताब्दी समारोह में शामिल हुए, 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में आहुतियां दी

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा अध्यात्म लकीर का फकीर नहीं है। विज्ञान की तकनीक को अपना रहा है। यहीं हमारी भारतीयता और उसकी विशेषता है,यहीं सनातन हैं। दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शनिवार को मुख्यमंत्री उमरहा चौबेपुर स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग के शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने काशी में हुए विकास कार्यों का उल्लेख कर कहा कि काशी में जितने भी देव मंदिर है,सबका कायाकल्प हुआ है। काशी में इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य-चाहे सड़क, रेल और वायु सेवा की कनेक्टिविटी हो 2014 से



पहले था उससे 100 गुना बेहतर बनी है। अब काशी से हल्दिया के बीच जलमार्ग का उपयोग करते हुए भी अपनी यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस वर्षों में काशी को चमका दिया। दुनिया का सबसे बड़ा स्नान घाट नमो घाट जहां हेलीपैड भी है, काशी में है । उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन मे आगे बढ़ रहा है, यहां विकास है तो विरासत का सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि योग को देश से वैश्विक मंच पर ले जाने का श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। मुख्यमंत्री ने समारोह में आए हुए लाखों श्रद्धालुओं की ओर इंगित कर कहा कि यहां कुंभ ?है तो प्रयागराज में महाकुंभ कुंभ भी है। यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है । इसी साल 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या में विराजमान हुए।

उन्होंने कहा कि देश में कौन ऐसा सनातनधर्मी नहीं रहा होगा जो यह देख कर गौरवान्वित न हुआ हो। विरासत का सम्मान है और लोक कल्याण का बड़ा अभियान भी है । मुख्यमंत्री ने भारत माता की जय से अपने सम्बोधन की शुरूआत करते हुए स्वर्वेद महामंदिर धाम के विहंगम योग शताब्दी समारोह की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक वर्ष ही धाम का उद्घाटन किया था। धाम के शताब्दी वर्ष समारोह में अब मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला है। धाम में सबकुछ अपने आप चल रहा है,नियोजित और वैज्ञानिक पद्धति पर। विज्ञान की पद्धति पर पंडाल लगाए गए है।

### सच्चा संत और सच्चा योगी कभी भी हाथ पर हाथ धरे बैठा नहीं रह सकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सच्चा संत और सच्चा योगी कभी भी हाथ पर हाथ धरे बैठा नहीं रह सकता है। जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, और गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ इस देश को विदेशी दासता से मुक्त कराना है, इसके लिए सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने आजादी के आन्दोलन में भाग लेकर के बैरकपुर से देश के स्वतंत्रता संग्राम से अपने आप को जोड़ा था। विहंगम योग संत समाज ने स्वर्वेद महामंदिर जैसे दिव्य स्थल का निर्माण कर भारतीय योग और आध्यात्मिक परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पहल की सराहना की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते है कि हर काम देश के नाम। हमारा देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है, हमारा धर्म सुरक्षित है हम सुरक्षित हैं। जो भी कार्य हो मत और मजहब से उपर उठकर।

## सहकारिता की सीमा भारत नहीं पूरा विश्व होना चाहिए : दत्तात्रेय होसबाले

एजेंसी

**अमृतसर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत में आजादी के समय से ही सहकारिता आंदोलन की भूमिका अहम रही है। वर्तमान में हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए कि सहकारिता की सीमा भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व होना चाहिए। साथ ही उन्होंनेधरती के बिगड़ रहे संतुलन को बचाने के लिए एकजुटता से प्रयास करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

दत्तात्रेय होसबाले शनिवार को अमृतसर में सहकार भारती के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम आर्थिक विकास तो कर रहे हैं लेकिन सामाजिक विकास की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। सामाजिक विकास के लिए आज पूरे देश में परिवर्तन की लहर चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समानता, संयमता और न्याय की बात कही गई है। यह कहीं न कहीं पिछड़ रहा है।

धर्म के विषय पर होसबाले ने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ



तक सीमित नहीं है। धर्म जीवन को स्थिरता देता है। जीवन के लिए, विकास के लिए धर्म का पालन जरूरी है। धर्म की गलत समझ के कारण भौतिक जीवन की अवहेलना कर रहे हैं।

उन्होंने भारत में सहकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी से पहले ही सहकारिता आंदोलन की शुरूआत हो चुकी थी। सही मायने में सहकारिता का अर्थ बेहतर कुटुंब, जनमानस और राष्ट्र का निर्माण करना है। जिसमें एक-दूसरे के प्रति संवेदनाएं हों। आज एक-दूसरे के प्रति सामाजिक संवेदनाएं समाप्त होती जा रही हैं। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

गुरु नानक देव के संदेश नाम जपो, कीतर करो, वंड छको के सिद्धांत का वर्णन करते हुए होसबाले ने कहा कि प्रभु का सुमिरन करते हुए परिश्रम से कमाई करें और बांटकर खाएं।

## प्रवासी पक्षियों के कलरव से गूंज रहा बरसला बील

**शोणितपुर (असम)।** झुंड के झुंड प्रवासी पक्षियों के कोलाहल से इन दिनों शोणितपुर जिले में स्थित बरसला बील (झील) गुंजायमान है। प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी से बरसला बील को एक अनूठा आयाम मिला है। ओरांग नेशनल पार्क से सटे बरसला इलाके में स्थित बरसला बील इन दिनों लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। शोणितपुर का बरसला बील देशी और विदेशी पक्षियों के लिए एक अनूठी शरणस्थली बन गयी है। राज्य के अन्य हिस्सों की तरह, बरसला बील में सर्दियों में प्रवासी पक्षियों की आमद देखी जाती है। झुंड के झुंड पक्षियों को बील विचरते देख स्थानीय लोग रोमांचित हो रहे हैं। प्रवासी पक्षियों को पानी में जलक्रीड़ा करते देख लोग बरबस ही आकर्षित हो रहे हैं।

प्रवासी पक्षियों के झुंड को कोई नुकसान न होने के कारण वर्षों से प्रवासी पक्षी इस तरह से बील में आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने अफसोस जताया कि सरकार ने अभी तक बिल के संरक्षण को लेकर कोई प्रावधान नहीं किया है।

## हिमंत सरकार का हुआ विस्तार, चार नए मंत्रियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा नेतृत्वाधीन एनडीए राज्य सरकार का आज दूसरी बार विस्तार हुआ। राजधानी के पांजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दो मंत्रियों ने असमिया, एक ने हिंदी और एक ने बांग्ला भाषा में शपथ ग्रहण की। इस तरह अब असम सरकार में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित कुल 18 हो गयी है।

शपथ ग्रहण करने वालों में प्रशांत फुकन, कौशिक रॉय, कृष्णेंदु पाल और रूपेश गोवाला शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के साथ उनके मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी एवं भाजपा के विधायक, सांसद, मुख्य सचिव, डीजीपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में राजनेता मौजूद थे। चारों नए मंत्रियों में डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से 4 बार के विधायक प्रशांत फुकन, लखीपुर के विधायक कौशिक रॉय, पथारकांदी के विधायक कृष्णेंदु पॉल और दुमदुमा के विधायक रूपेश ग्वाला शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने गत 5 दिसंबर को ही सोशल मीडिया पर नए मंत्रियों के नामों की घोषणा की थी। वहीं दूसरी ओर 5 दिसंबर को मंत्री संजय किसान ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। चार नये विधायकों के शपथ ग्रहण करने के साथ ही असम सरकार में मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित कुल 18 हो गयी है।

डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने 10 मई, 2021 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। डॉ. सरमा के मंत्रिमंडल का पहली बार जून 2022 में विस्तार किया गया था। जयंत मल्ल बरुवा और नंदिता गालोर्सा को 2022 में मंत्रिमंडल के विस्तार के दौरान मंत्रालय मिले थे।

## वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ की बजट पूर्व दूसरी बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नई दिल्ली में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरी बजट पूर्व परामर्श बैठक की। निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में ये बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के तहत हुई। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरे बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। परामर्श बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज




चौधरी, वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में कृषि क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कृषक समुदाय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा दिए। कृषि अर्थशास्त्री टिकाऊ कृषि पद्धतियों, उत्पादकता वृद्धि और बाजार सुधारों पर भी वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

बजट पूर्व परामर्श की यह बैठक वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठकों की श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक व्यापक और समावेशी बजट के लिए विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से इनपुट एकत्र करना है। इससे एक दिन पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट के लिए प्रमुख अर्थशास्त्रियों के इनपुट और सुझाव एकत्र करने के लिए पहली बजट-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की थी। उल्लेखनीय है कि आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश होने की संभावना है। यह निर्मला सीतारमण का लगातार आठवां बजट और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण बजट होगा। बजट से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक नीतिगत दिशा मिलेगी।

## मामूली कहासुनी के दौरान तीन को मारा चाकू, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में मामूली कहासुनी के दौरान चाकू से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में हत्या का मामला दर्ज कर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले की जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने शनिवार सुबह बताया कि गोविंदपुरी थाना पुलिस को झगड़े के संबंध में सूचना शुक्रवार रात 12:07 बजे मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि दो पड़ोसी आपस में झगड़ रहे हैं, जिनमें तीन लोग सुधीर, उसका भाई प्रेम और उसका दोस्त सागर घायल हुए हैं। इन्हें एम्स ट्रामा सेंटर में ले जाकर भर्ती कराया गया। तड़के करीब 3:00 बजे अस्पताल से सूचना मिली कि सुधीर की मौत हो गई जबकि उसका भाई 22 वर्षीय प्रेम गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है, जो अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। 20 वर्षीय सागर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

पूरे मामले में पुलिस ने आरोपित विक्रम सिंह , उसकी पत्नी मीणा और उसके तीन बेटे 20 वर्षीय संजय, 18 वर्षीय राहुल, तीसरा नाबालिग है, उन सभी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और पूरे मामले में जांच कर रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपित और पीड़ित दोनों गोविंदपुरी की गली नंबर 6 स्थित एक ही बिल्डिंग की पहली मंजिल पर किराए पर रहते हैं। उनका शौचालय कॉमन था। इसी शौचालय की सफाई के मुद्दे पर यह झगड़ा हुआ। मृतक के सीने पर दिल के पास तथा चेहरे और सिर पर रसोई के चाकू से वार के निशान हैं।

## सीआईएसएफ ने हवाई अड्डों पर विमानन सुरक्षा के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई स्थापित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने विमानन सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी विमानन सुरक्षा विंग (एएसजी) के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) की स्थापना की है। एएसजी देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों को आतंकवाद-रोधी कवर प्रदान करती है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि आईक्यूसीयू विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) द्वारा जारी राष्ट्रीय नागरिक विमानन सुरक्षा गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम-2024 और विमान (सुरक्षा) नियम-2023 के अनुपालन में है। आईक्यूसीयू एविएशन सिक्योरिटी कंट्रोल सेंटर (एएससीसी) का हिस्सा होगा, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत वर्ष 22 जुलाई को किया था। एएससीसी अपने उन्नत घटकों जैसे कि घटना प्रबंधन केंद्र, विमानन अनुसंधान और डेटा केंद्र, केंद्रीकृत संचार नियंत्रण केंद्र के साथ आईक्यूसीयू के साथ मिलकर काम करेगा ताकि मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके और भारतीय हवाई अड्डों की समग्र सुरक्षा स्थिति को बढ़ाया जा सके। यह प्रणाली क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत हवाई अड्डों को भी कवर करेगी। आईक्यूसीयू का नेतृत्व एक वरिष्ठ सीआईएसएफ अधिकारी और प्रमाणित विमानन सुरक्षा (एवीएसईसी) प्रशिक्षकों, राष्ट्रीय लेखा परीक्षकों और अनुभवी कर्मियों की एक टीम द्वारा किया जाएगा, जो मानकीकृत प्रशिक्षण और मूल्यांकन विधियों के माध्यम से सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा क्षेत्र परीक्षणों और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर नई तकनीकों को अपनाने की सिफारिश करना, सुरक्षा संचालन का मूल्यांकन करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के लिए आईसीएओ/बीसीएएस दिशानिर्देशों के आधार पर आंतरिक निरीक्षण और ऑडिट आयोजित करना होगा। स्थापित मानकों को पूरा करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की निगरानी, समीक्षा, अद्यतन करना, अनुपालन सुनिश्चित करना, प्रौद्योगिकी प्रभावशीलता और परिचालन दक्षता, कमियों की पहचान करने और प्रदर्शन में सुधार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन और मानकों के अनुसार एएसजी से प्रतिक्रिया एकत्र करना और उसका विश्लेषण करना और सीआईएसएफ सुरक्षा संचालन की प्रभावशीलता को बढ़ाने, जोखिमों को कम करने और एक मजबूत और लचीली विमानन सुरक्षा प्रणाली बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### ह अवैध घुसपैठियों को पुलिस ने वापस भेजा बांग्लादेश



**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने छह अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को वापस बांग्लादेश भेज दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को इस आशय की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए देते हुए कहा कि असम पुलिस ने भारत-बांगलादेश सीमा पर छह बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया।

हिरासत में लिए गए बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मोहम्मद दीदारुल इस्लाम, संटू खान, इस्माइल हुसैन राहत, शाकिब हुसैन, शाती अख्तर और मीम शेख के रूप में हुई है। बाद में उन्हें वापस सीमा के दूसरी ओर भेज दिया गया। इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने असम पुलिस की सराहना की है।

### देवरिया : हत्या में वांछित अभियुक्त की पुलिस से मुठभेड़, लगी गोली

**देवरिया।** जनपदीय पुलिस ने हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ में शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हैं । पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि सुरौली थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जद्दु परसिया के पास मुख्य मार्ग पर बीते दिन युवक शुभम सिंह उर्फ नेहाल सिंह पुत्र विश्वजीत सिंह, जो बरांव थाना मदनपुर का रहने वाला था। उसकी अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया किइस सम्बन्ध में थाना सुरौली पर मृतक की मॉ की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। वांछित शेष अभियुक्त दीपक मिश्रा की तलाश में टीम लगी हुई थी। शनिवार को एक सूचना पर थाना सुरोली क्षेत्रान्तर्गत विशुनपुर मोड़ तिराहे के पास से पुलिस मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया गया।

उसके पैर में गोली लगी हैं,जो ईलाजरत हैं। उसके पास से अवैध शस्त्र बरामद हुआ हैं। पुलिस टीम गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर रही हैं।

### बैंक की मुख्य शाखा में भीषण आग,कड़ी मशक्कत के बाद किया काबू

**रायबरेली।** राष्ट्रीय कृत बैंक की मुख्य शाखा में शनिवार सुबहआग लग गई। इससे शाखा के अंदर की सभी केबिन, फर्नीचर और एटीएम के उपकरण जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। गनीमत रही कि बैंक के लाकर, कैश और डॉक्यूमेंट्री सुरक्षित है। जिले के ऊंचाहार में लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में तड़के करीब चार बजे अचानक विद्युत शॉट सर्किट से आग लग गई। बैंक के आसपास रहने वाले लोगों ने प्रातः करीब पांच बजे बैंक के अंदर से निकल रहे धुएं के गुब्बार को देखा तो वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद बैंक अधिकारियों, पुलिस और दमकल को मामले की सूचना दी गई। सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे और सीआईएसएफ दमकल की गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। इस दौरान बैंक परिसर के अंदर स्थित प्रबंधक, कैश काउंटर समेत सभी केबिन और फर्नीचर जलकर राख हो चुके थे। बैंक के बाहर स्थित एटीएम तक आग पहुंच गई थी। जिससे एटीएम के भी उपकरण जलकर राख हो गए हैं। इस अग्निकांड में कई लाख रुपये की क्षति का अनुमान है। गनीमत थी कि बैंक में रखा कैश, एटीएम का कैश, डॉक्यूमेंट्री, लाकर पूरी तरह सुरक्षित है। शाखा प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक का कैश आदि महत्वपूर्ण चीजें सुरक्षित है। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### जमीन विवाद में दबंगों ने ढाबे में लगाई आग, 10 लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी ।** जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ढाबे में आग लगा दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की देर रात देवा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ढाबे में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने पूरे ढाबे को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही मिनटों में ढाबा जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये के सामान का नुकसान हुआ है। पीड़ित रिशु मिश्रा ने बताया कि यह विवाद काफी समय से चल रहा था और शाम को फिर से दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। इस दौरान विपक्षियों ने उनके ढाबे में आग लगा दी, जिससे उनके व्यापार को भारी नुकसान हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जो मारपीट और आगजनी में शामिल थे। देवा थाना के अतिरिक्त प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने शनिवार को बताया कि मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और दोनों पक्षों से कुल 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच और कार्रवाई की जा रही है।

### देशभर में 19 दिसंबर से शुरू होगा ह्यप्रशासन गांव की ओरह्व अभियान

**नई दिल्ली।** चौथे सुशासन सप्ताह के दौरान 19 दिसंबर को एक राष्ट्रव्यापी अभियान ह्यप्रशासन गांव की ओरह्व शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य लोक शिकायतों का निवारण और सेवा वितरण में सुधार करना है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान 19 से 24 दिसंबर तक देश के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। अभियान में 700 से ज्यादा जिला कलेक्टर हिस्सा लेंगे और अधिकारी तहसीलों और पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है जब भारत सरकार जन शिकायतों के समाधान और सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान चलाएगी। सुशासन सप्ताह का प्रारंभिक चरण 11 से 18 दिसंबर तक चलेगा। सुशासन सप्ताह के कार्यक्रम को शुरू करने के लिए 11 दिसंबर को एक पोर्टल, ँ३३स्त्र२://१िस्र्ॅस्त्रस्त्र२.ल्लू.ल्ल/त्र्ह्लह्व24 का उद्घाटन किया जाएगा। यह एक समर्पित पोर्टल होगा, जिसमें जिला कलेक्टर तैयारी और कार्यान्वयन चरणों के दौरान सुशासन प्रथाओं और वीडियो क्लिप के साथ प्रगति अपलोड करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब के विरूद्ध छापेमारी

**सिमडेगा:** जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में पिछले सप्ताह दिनांक- 28.11.24 से 04.12.24 तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में 1. सिमडेगा थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर, 2. टी0टांगर थानाक्षेत्र के बेलाटोली, जोराम स्कूलटोली, आम्बापानी, गिरजाटोली, पंडरीपानी, गुड़गुड़टोली, 3. कोलेबिरा के नवाटोली, बोंगराम, छगरीबंधा, बरवाडीह, 4. बानो के हाटिंगहोड़े, भिखराटोली, 5. जलडेगा के कोनमेरला, कारीमाटी, 6 महाबुआंग के सुमिनबेड़ा, 7. कुरडेग के महुआटोली, 8. केरसई के घाघरीडीपा, डीपाटोली, किनकेल रांगामाटी, महुआटोली, गोरारजोर बैगाटोली, 9. पाकरटांड़ के केशलपुर, 10. रेंगारीह के बंडीपहार, कोनपाला, 11. मुफस्सिल के बिरकेरा रोड किनारे, कुल्लूकेरा, 12. बांसजोर के सिंहारजोर, गिनिकेरा, एवं 13. ओड़गा के सारूबहार जुनोदा, 14. गिरदा ओ0पी0 के कोहिपाट, गेनमेर, हुरदा, कोहिपाट, मरानी, हुरदा पहानटोली में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया है।
अभियान के दौरान एक हजार एक सौ पचहत्तर (1175) किलोग्राम जावा महुवा तथा चौंतिस (34) लीटर अवैध देशी शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है।

### किसानों के बीच मकाई और सरसों का बीज का हुआ वितरण



**ठेठईटांगर :** प्रखंड कार्यालय के नजदीक कृषि विभाग के द्वारा किसानों के बीच मकाई और सरसों का बीज वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो कारू की उपस्थिति में किसानों के बीच में मकाई और सरसों का बीज वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के विकास और समृद्धि के लिए महागठबंधन की सरकार प्रतिबद्ध है। अनुदान में दिए जा रहे बीज का उपयोग कर सभी किसान बेहतर ढंग से खेती करें और इसका लाभ उठाएं। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग खेती-बाड़ी में जुट जाए तो हमारी अबसे बड़ी समस्या पलायन स्वतः समाप्त हो जाएगी। हमलोग वर्तमान में केवल बरसात में ही खेती करते है, इस मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। साग-सब्जी के अलावा अन्य कई खाद्य पदार्थों की खेती करने से हमारे क्षेत्र के अधिकतर लोगों को स्वरोजगार मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसानों को बेहतर ढंग से खेती करने और खेती हेतु दिए गए प्रशिक्षण का उपयोग करने की बात कही। इस दौरान मौके पर सुनील केरकेट्टा नमजन बूढ़ नितरेन बूढ़ सुशील मिंज, प्रदीप बिलुंग के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### ठंड को लेकर हुई अलाव की व्यस्था



**सिमडेगा :** जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ में, ठंड को देखते हुए कोलेबिरा प्रखंड प्रशासन की ओर से अलाव जलाने हेतु लकड़ी की व्यवस्था कर लचरागढ़ बरसलोया मोड, जलडेगा मोड, लचरागढ़ सतीश मेडिकल के पास,लचरागढ़ टेंपो स्टैंड, एवं विभिन्न चौक चौराहे पर अलाव जलाने हेतु लकड़ी की व्यवस्था की गई। आपको बताते चले बंगाल की खाड़ी से उठी चक्रवर्ती तूफान आने के बाद ठंड बढ़ गई है। एक बार फिर से मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से पश्चिमी विक्षोभ बन रही है। झारखंड के 10 जिले में 8 से 10 तारीख को हल्के बारिश हो सकती है। एवं 9 दिसंबर को लातेहार, गढ़वा, पलामू छोड़कर बाकी सभी जिले में बारिश होने की संभावना है। ऐसे में ठंड आने की संभावना है।ऐसे में कोलेबिरा प्रखंड प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था करने से ग्रामीणों एवं राहगिरो को ठंड से काफी राहत मिलेगी। लचरागढ़ की ग्रामीण ने कोलेबिरा प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर संजय मिश्रा, संतोष साहू, राजेश बड़ाईक , दुर्योधन सोनी, सोनू अग्रवाल चमरू हजाम , मौजूद थे।

### जिला बाल संरक्षण के रिक्त पद भरे जायेंगे : डीसी



**सिमडेगा:** उपायुक्तअजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा के सामाजिक कार्यकर्त्ता के रिक्त पद पर नियुक्त एवं मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रयोजना योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ करने की बात कहीं। उन्होंने कहा सरकार की जो भी नियमवाली है उसके अनुरूप ही नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करें। अभ्यर्थी के द्वारा दावा आपत्ति जताई गई, जिस पर जिला स्थापना विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर एवं नियुक्ति समिति के माध्यम से जांच कर आवश्यक निर्णय लेने की बात कहीं।
मिशन वात्सल्य के तहत कठिन परिस्थितियों में बच्चों की समग्र देखभाल, सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों, कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों और सड़कों पर जीवनयापन करने वाले बच्चों का संरक्षण किया जाता है। ऐसे बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत सहायता पहुंचाई जाती है। जिसका उपायुक्त ने समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लाभ मुहैया कराई जा रही बच्चों का घर जाकर प्रोपर मॉनिटरिंग करते रहने की बात कहीं।बैठक में उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए - सह-जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरोज तिर्की, समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुरज मुन्नी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से कांके स्थित आवास पर कई वरीय आईपीएस एवं आईएएस अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की

बिनय मिश्रा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज उनके आवास पर संथाल परगना दुमका प्रक्षेत्र के आईजी क्रांति कुमार गढ़देशी ने मुलाकात की और उन्हें शुभकामना दी। देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें मईयां सम्मान योजना को प्रोत्साहित करते तस्वीर भेंट की और उन्हें मुख्यमंत्री बनने की शुभकामना भी दी। वहीं नगर आयुक्त सह प्रशासक राँची नगर निगम संदीप कुमार सिंह ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें पुस्तक भेंट किया और उन्हें शुभकामना भी दी। इसके अलावे सीआईडी के डीआईजी श्रीमती संध्यारानी मेहता एवं सीआईडी के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने भी मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुस्तक भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में सबों की सहभागिता और बेहतर प्रशासन से राज्य को विकसित करने में सहयोग कर बेहतर राज्य बनाने में सबों का सहयोग की बात भी कही।



## बंगलादेश से संबंध समाप्त करे भारत : गिरि

**बोकारो :** बोकारो के अधिवक्ताओं ने आज कोर्ट परिसर में बांग्लादेश में हिंदू संन्यासी चिन्मय कृष्ण प्रभु के वकील रमेन रॉय पर हुए गंभीर हमला के विरोध में प्रदर्शन किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहां कि रमेंन रॉय पर यह हमला उनके द्वारा चिन्मय कृष्ण का समर्थन करने और अदालत में उनका बचाव करने के कारण किया गया। कट्टरपंथियों ने उनके घर में तोड़फोड़ की और उन पर जानलेवा हमला किया है। उनकी स्थिति गंभीर है, और उन्हें क्छव में भर्ती कराया गया है। यह घटना बांग्लादेश में धार्मिक और सामाजिक तनाव के बढ़ते माहौल को दशार्ती है। इसके विरोध में ही आज बोकारो में आंदोलन किया गया है। गिरि ने भारत सरकार से मांग की है कि तत्काल बंगलादेश से संबंध खत्म करे। अतुल कुमार ने कहा कि ये वकील पर हमला नहीं है ये भारत पर हमला है। इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, राकेश झा, डॉली झा, पुष्पांजलि जयसवाल आदि शामिल थे।

## बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत : विधायक

**बोकारो :** बोकारो विधानसभा की विधायक श्वेता सिंह क्षेत्र प्रवास के दौरान जनवृत-04 स्थित सेल एस.सी/एस.टी इंप्लाइ फेडरेशन द्वारा आयोजित संविधान निमार्ता,सिंबल आफ नालेज बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्माण दिवस के अवसर पर सम्मिलित हुई।इस अवसर पर श्वेता सिंह ने बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तत्पश्चात फेडरेशन के तमाम उपस्थित बुद्धिजीवीयो का स्वागत करते हुए कहा कि बाबा साहब ने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की परिकल्पना की थी जो आज धरातल पर उतर चुकी हैं।हमें जरूरत है कि इनके विचारों को आत्मसात करते हुए एक अच्छे विचारों वाले समाज का निर्माण करना है, बाबा साहेब ने हमेशा समाज के गरीब,दलित,शोषित,पीड़ित के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने वाली नीति बनाई थी लेकिन अभी भी कुछ जगहों पर इनके विचारों का अनुपालन नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण विषय है।बाबा साहब के तमाम नीतियों विचारों को पूरे पारदर्शी तरीके से क्षेत्र जनता के बीच ले जाने का प्रयास करूंगी इसके लिए चाहे कितना भी संघर्ष करना पड़े करूंगी। इसी दौरान बोकारो विधानसभा क्षेत्र के पिंड्राजोडा स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर श्वेता सिंह ने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि जिस प्रकार आप सभी ने एक बेटी के रूप में मुझे विधायक बना कर जो आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं हमेशा ऋणी रहूंगी,चुनाव प्रचार के दौरान इन क्षेत्रों की तमाम जनसमस्याओं से वाकिफ हुई हु मै व्यक्तिगत रूप से इन सभी का निराकरण करने में अपनी अहम भूमिका निभाउंगी।पूर्व में जनता जनप्रतिनिधि के आवास पर पहुंचती थी लेकिन हम आपके बीच निरंतर आयेंगे और आपकी समस्याओं का समाधान करने की पहल करेंगे।

# लोको स्थित राम मंदिर में विवाह पंचमी के दिन उमड़ी भीड़

ज्योति पाठक –





लोको स्थित प्राचीन राम मंदिर प्रांगण में आज विवाह पंचमी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना मंदिर के पूजारी नित्यानन्द पाण्डे के द्वारा विशेष रूप से किया गया। आज ही की तिथि यानी अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी के दिन भगवान श्री राम और माता सीता जी का विवाह संपन्न हुआ था। इसलिए आज इस तिथि के दिन लोगों स्थित राम मंदिर में रामजी और सीता माता की विवाह की तिथि के दिन मंदिर के पूजारी नित्यानन्द पाण्डे के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गयी इस अवसर पर राम मंदिर में भव्य और आकर्षक रूप से सजाया भी गया और दीये प्रज्जवलित कर मंदिर परिसर को प्रकाशमय भी किया गया। विशेष पूजा अर्चना के पश्चात उपस्थित भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच व्यापक रूप से प्रसाद वितरण भी किया गया। कई प्रकार के लजीज व्यंजन भी इस अवसर पर चढ़ाये गयें और लोगों के बीच वितरित भी किये गये। इस अवसर श्री पाण्डे ने बताया कि अगले वर्ष यह विवाह पंचमी का कार्यक्रम काफी भव्य और वृहत रूप से किये जायेंगे। इस बार समय की कमी के फलस्वरूप हर्षोल्लास और धुमधाम के बजाय केवल वैवाहिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण भी हो पाया। अगले वर्ष काफी अलौकिक रूप से मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# बंदगांव, नकटी व कराईकेला में कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ का हुआ भव्य स्वागत

मेट्रो रेज संवाददाता

**बंदगांव :** चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ के तीसरी बार कैबिनेट मंत्री बनने के बाद चाईबासा से रांची से चाईबासा दौरे के क्रम में बंदगांव, नकटी तथा कराईकेला में विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं तथा ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का जोरदार रूप से स्वागत किया। झामुमो कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दी। उसके स्वागत के उपलक्ष पर जमकर पटाखे फोडा तथा ग्रामीणों के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया। नकटी में विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई ने मंत्री से मांग किया कि कराईकेला तथा नकटी अस्पताल में डॉक्टर की व्यवस्था तथा कराईकेला को अलग प्रखंड का दर्जा देने का मांग किया। उन्होंने कहा कि कराईकेला अलग प्रखंड होने की सारी औपचारिकता पूर्ण करती है ।6 पंचायत को मिलाकर कराईकेला को अलग प्रखंड बनाया जाए। जो वर्षों पुरानी मांग है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कराईकेला तथा नकटी में सैकड़ो मरीज इलाज के लिए आते



हैं ।मगर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतें होती है ।सारी समस्या सुनने के पश्चात केबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा ग्रामीण समस्याओं को लिखित रूप से दे। कराईकेला को अलग प्रखंड के लिए विधानसभा में आवाज उठाई जाएगी। एवं मुख्यमंत्री से बातचीत कर जल्द से जल्द समाधान निकाला जाएगा ।उन्होंने कहा अस्पताल में डॉक्टर के लिए जल्द से जल्द व्यवस्था किया जाएगा। इस मौके पर विनोद कुमार लोहार, सुनील लगुरी, साधू बोदरा, बीरसिंह गगराई, रामू महतो,रंजीत मंडल, अरूप चटर्जी,सुबास कालन्दी, पहलवान महतो, कांग्रेस नेता महेश प्रसाद साहू,राजेश नायक, माधो हेंब्रम, शंभू कंडियोंग, सुरेश गगराई, संजय गगराई, बसंत तांती, पितय बोदरा समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बोकारो को आलू उत्पादन पर आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कवायद शुरू

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** जिले में आलू उत्पादन को बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। आने वाले कुछ वर्षों में बोकारो जिला आलू उत्पादन को लेकर आत्मनिर्भर बन जाएगा। इस कार्य में पलाश (जेएसएलपीएस) की महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य काम कर रही है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जहां जेएसएलपीएस से जुड़े 7,626 महिला किसान 152.68 एकड़ भूमि पर आलू की खेती कर 1145.10 टन आलू उत्पादन किया गया। वहीं, उपायुक्त विजया जाधव के पहल पर वित्तीय वर्ष 24-25 में 27,410 महिला किसानों ने 1646.5 एकड़ में आलू की खेती की है और 6120.35 टन आलू उत्पादन किया गया है। उपायुक्त ने आलू उत्पादन कर रहे महिला किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) पेटरवार को तकनीकी सहयोग देने के साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी को धान कटनी के बाद आलू की खेती करने के लिए किसानों एवं फार्मर प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को प्रेरित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आलू उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम आदि को कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
उन्नत किस्मों का चयन - ऐसी आलू की किस्में चुनें जो स्थानीय जलवायु और मिट्टी के लिए उपयुक्त हों। उन्नत किस्में जैसे कुफरी ज्योति, कुफरी चंद्रमुखी, कुफरी आलंकार, और कुफरी पुखराज को प्राथमिकता दें, क्योंकि ये रोग प्रतिरोधी और अधिक उत्पादन देने वाली होती हैं।

# रमावती देवी के पुण्य तिथि पर प्रभुजनों के बीच भोजन वितरण किया गया

## भोजन कराना मानवता का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण : थाना प्रभारी जीआरपी

ज्योति पाठक

चक्रधरपुर के युवा व्यवसायी रामाशीस साव एवं अनुप साव ने अपनी माता रमावती देवी के पुण्य तिथि के अवसर पर स्टेशन परिसर के समीप जननायक समिति के तत्वाधान में प्रभुजनों के बीच व्यापक रूप से भोजन वितरण किया। इस अवसर पर जीआरपी के थाना प्रभारी सोहेल खान ने भी भोजन वितरण के दौरान कहा कि असहाय, लाचार और ठण्ड के दिन लोगों के बीच भोजन वितरण कराना काफी विशिष्ठ कार्य है। ठण्ड के बीच भी रमावती देवी के परिजनों के द्वारा उनके स्मृति में पुण्य तिथि के दिन लोगों के बीच भोजन वितरण करना काफी श्रेष्ठ



और नेक कार्य है। रात्रि बेला में भोजन की व्यवस्था वैसे लोगों के बीच किया जाना जो कतिपय कारण और आर्थिक असमर्थता के कारण भुखे रहते हैं किन्तु जननायक समिति के द्वारा प्रतिदिन इस नेक कार्य के कारण भर पेट भोजन कर आत्मसंतुष्ट होते हैं। इस प्रकार से कहा जाता है कि भूखे की सूधि लेना और भोजन कराना नेक कार्य है। वहीं इस मौके पर रमावती देवी के पुत्र व परिजनों ने कहा कि उनकी माता के स्मृति में लोगों के बीच भोजन वितरण कर उन्हें काफी अच्छा लग रहा है और जननायक समिति के सौजन्य से वे यह पुनित कार्य करते रहते हैं। मानव जीवन में ऐसे लोगों की सूधि लेने पर हार्दिक प्रसन्नता होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से रिक्की छावड़ा, रोशन सिंह और अन्य लोग भी उपस्थित थें।